यूथ कॉम्पिटिशन टाइम्स कृत

## बिहार कर्मचारी चयन आयोग

# BSSC

# SSO/BSO

## अवर सांख्यिकी पदाधिकारी/प्रखंड सांख्यिकी पदाधिकारी

# सॉल्वड पेपर एवं प्रैक्टिस बुक

**प्रधान सम्पादक**

आनन्द कुमार महाजन

**संपादन एवं संकलन**

परीक्षा विशेषज्ञ समिति

**कम्प्यूटर ग्राफिक्स**

बालकृष्ण त्रिपाठी, आशीष गिरि

**सम्पादकीय कार्यालय**

**12, चर्च लेन, प्रयागराज-211002**

**9415650134**

**Email : yctap12@gmail.com**

**website : www.yctbooks.com/www.yctfastbook.com/www.yctbooksprime.com**

**© All rights reserved with Publisher**

**प्रकाशन घोषणा**

प्रधान सम्पादक एवं प्रकाशक आनन्द कुमार महाजन ने E:Book by APP Youth Prime BOOKS, से मुद्रित करवाकर, वाई.सी.टी. पब्लिकेशन्स प्रा. लि., 12, चर्च लेन, प्रयागराज-211002 के लिए प्रकाशित किया।

इस पुस्तक को प्रकाशित करने में सम्पादक एवं प्रकाशक द्वारा पूर्ण सावधानी बरती गई है फिर भी किसी त्रुटि के लिए आपका सुझाव और सहयोग सादर अपेक्षित है।

**किसी भी विवाद की स्थिति में न्यायिक क्षेत्र प्रयागराज होगा।**

# विषय-सूची

## सॉल्व्ड पेपर


- बिहार कर्मचारी चयन आयोग प्रखण्ड सांख्यिकी पर्यवेक्षक/अन्वेषक/सहायक (व्याख्या सहित हल प्रश्न पत्र)....................................3-18


## प्रैक्टिस सेट


- प्रैक्टिस सेट - 1 ....................19-40
- प्रैक्टिस सेट - 2 ....................41-62
- प्रैक्टिस सेट - 3 ....................63-84
- प्रैक्टिस सेट - 4 ....................85-106
- प्रैक्टिस सेट - 5 ....................107-128
- प्रैक्टिस सेट - 6 ....................129-150
- प्रैक्टिस सेट - 7 ....................151-172
- प्रैक्टिस सेट - 8 ....................173-194
- प्रैक्टिस सेट - 9 ....................195-216
- प्रैक्टिस सेट - 10 ....................217-238
- प्रैक्टिस सेट - 11 ....................239-261
- प्रैक्टिस सेट - 12 ....................262-284
- प्रैक्टिस सेट - 13 ....................285-307
- प्रैक्टिस सेट - 14 ....................308-330
- प्रैक्टिस सेट - 15 ....................331-352


## पाठ्यक्रम

**प्रारंभिक परीक्षा :** प्रारंभिक परीक्षा में एक पत्र सामान्य ज्ञान का होगा, जिसके निम्नांकित विषय होंगे :-

(क) सामान्य अध्ययन।

(ख) सामान्य विज्ञान एवं गणित।

(ग) मानसिक क्षमता जाँच (Comprehension/Logic/Reasoning/Mental Ability)।

**सिलेबस :-**प्रारंभिक परीक्षा सिलेबस निम्न प्रकार से है :-

**खंड (क) सामान्य अध्ययन :-**इसमें प्रश्नों का उद्देश्य अभ्यर्थी के आस-पास के वातावरण की सामान्य जानकारी तथा समाज में उनके अनुप्रयोग के संबंध में उसकी योग्यता की जाँच करना होगा। वर्तमान घटनाओं और दिन-प्रतिदिन की घटनाओं के सूक्ष्म अवलोकन तथा उनके प्रति वैज्ञानिक दृष्टिकोण जैसे मामलों की जानकारी संबंधी ऐसे प्रश्न भी शामिल किये जायेंगे, जिनके बारे में जानकारी रखने की किसी भी शिक्षित व्यक्ति से अपेक्षा की जाती है। इसमें बिहार, भारत और इसके पड़ोसी देशों के संबंध में विशेष रूप से प्रश्न पूछे जा सकते हैं।

**(i) सम-सामयिक विषय :-**वैज्ञानिक प्रगति, राष्ट्रीय/अंतर्राष्ट्रीय पुरस्कार, भारतीय भाषाएँ, पुस्तक, लिपि, राजधानी, मुद्रा, खेल-खिलाड़ी, महत्त्वपूर्ण घटनाएँ।

**(ii) भारत और उसके पड़ोसी देशः-** पड़ोसी देशों का इतिहास, भारत का इतिहास, संस्कृति, भूगोल, आर्थिक परिदृश्य, स्वतंत्रता आन्दोलन, भारतीय कृषि तथा प्राकृतिक संसाधनों की प्रमुख विशेषताएं, भारत का संविधान एवं राज्य व्यवस्था, देश की राजनीतिक प्रणाली, पंचायती राज, सामुदायिक विकास, पंचवर्षीय योजना एवं राष्ट्रीय आन्दोलन में बिहार का योगदान।

**खंड (ख) सामान्य विज्ञान एवं गणित-** इसमें सामान्यतः मैट्रिक स्तर के निम्न विषय से प्रश्न पूछे जा सकते हैं :-

**(i) सामान्य विज्ञान-**भौतिक शास्त्र, रसायन शास्त्र, जीव विज्ञान, भूगोल।

**(ii) गणित-**संख्या पद्धति से संबंधित प्रश्न, पूर्ण संख्याओं का अभिकलन, दशमलव और भिन्न, संख्याओं के बीच परस्पर संबंध, मूलभूत अंक गणितीय संक्रियाएं, प्रतिशत, अनुपात तथा समानुपात, औसत, ब्याज एवं लाभ और हानि।

**खंड (ग) मानसिक क्षमता जाँच :-** इसमें शाब्दिक एवं गैर-शाब्दिक दोनों प्रकार के प्रश्न पूछे जा सकते हैं। इस घटक में निम्न से संबंधित यथासंभव प्रश्न पूछे जा सकते हैं :-सादृश्य, समानता एवं भिन्नता, स्थान कल्पना, समस्या समाधान, विश्लेषण, दृश्य स्मृति, विभेद, अवलोकन, संबंध अवधारणा, अंक गणितीय तर्कशक्ति, अंक गणितीय संख्या शृंखला, कूट लेखन एवं कूट व्याख्या।

**मुख्य परीक्षा के लिए दो पत्र होंगे :-**

**(क)** हिन्दी (जो अर्हक होगा यानि जो परीक्षार्थी इसमें 30 प्रतिशत या 30 प्रतिशत से अधिक अंक लायेंगे उन्हीं का दूसरा-पत्र मूल्यांकित (Evaluate) किया जाएगा।

(ख) मुख्य-पत्र जिसमें निम्न विषय शामिल होंगे :-

(क) सामान्य अध्ययन।

(ख) सामान्य विज्ञान एवं गणित।

(ग) मानसिक क्षमता जाँच (Comprehension/Logic/Reasoning/Mental Ability)।

**नोट -**

**1.** प्रश्न वस्तुनिष्ठ एवं बहुविकल्पीय होगें।

**2.** कुल प्रश्नों की संख्या 150 होगी।

**3.** प्रत्येक सही उत्तर के लिए 4 अंक दिये जायेंगे।

**4.** प्रत्येक गलत उत्तर के लिए 1 अंक की कटौती की जायेगी।

**5.** परीक्षा की अवधि 2 घंटा 15 मिनट की होगी।

# बिहार कर्मचारी चयन आयोग
## प्रखण्ड सांख्यिकी पर्यवेक्षक/अन्वेषक/सहायक
### व्याख्या सहित हल प्रश्न पत्र

**परीक्षातिथि-16.05.2010**

## सामान्य अध्ययन

**1. 'वन्दे मातरम्' गीत में किस विद्रोह का चित्रण किया गया है?**

(a) संन्यासी विद्रोह

(b) मुण्डा विद्रोह

(c) अहोम विद्रोह

(d) सिपाही विद्रोह

**Ans. (a) :** 18वीं सदी के अंतिम वर्षों में अंग्रेजी शासन के विरूद्ध बंगाल में 1770 के अकाल एवं तीर्थ यात्रा पर प्रतिबन्ध के कारण संन्यासियों ने उग्र आंदोलन किए थे जिसे संन्यासी विद्रोह कहा जाता है। इस विद्रोह का चित्रण वन्दे मातरम् गीत में किया गया है जो बंकिमचन्द्र चट्टोपाध्याय द्वारा रचित उपन्यास 'आनंद मठ' से लिया गया है। इसके प्रमुख नेता मजमून शाह, मूसा शाह, हिजनारायण व भवानी पाठक थे।

**2. भारतीय संविधान में किस आधार पर आरक्षण प्रदान किया गया है?**

(a) धर्म

(b) जाति

(c) स्थान

(d) उम्र

**Ans. (b) :** सरकारी सेवाओं और संस्थानों में पर्याप्त प्रतिनिधित्व नहीं रखने वाले पिछड़े समुदायों तथा अनुसूचित जातियों और जनजातियों में सामाजिक और शैक्षिक पिछड़ेपन को दूर करने के लिए सरकार आरक्षण संबंधी विशेष प्रावधान कर सकती है।

**3. किस खिलाड़ी को उत्तर प्रदेश का पहला कांशीराम खेल रत्न अवॉर्ड मिला है?**

(a) मुहम्मद कैफ

(b) रूद्रप्रताप सिंह

(c) भुवनेश्वर कुमार

(d) अजीत आगरकर

**Ans. (b) :** उत्तर प्रदेश सरकार का पहला कांशीराम खेल रत्न अवार्ड क्रिकेटर रूद्रप्रताप सिंह को दक्षिण अफ्रीका में आयोजित ट्वेंटी-20 क्रिकेट के प्रथम विश्व कप (2007) के फाइनल में भारत की जीत में महत्वपूर्ण योगदान के लिए दिया गया। इसके तहत 10 लाख रूपये की धनराशि तथा प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

**4. यूरो -II नार्म्स का संबंध किस क्षेत्र से है?**

(a) प्रदूषण नियंत्रण

(b) मुद्रा

(c) अंतर्राष्ट्रीय व्यापार

(d) खेल

**Ans. (a) :** वायु की गुणवत्ता में सुधार के लिए यूरोपीय संघ द्वारा कुछ मानकों का निर्धारण किया गया जो यूरो मानक के रूप में जाने गए। मोटर वाहनों से निकलने वाले धुएं से वायु प्रदूषण होता है। जिसे रोकने के लिए यूरोपीय संघ ने 1992 में यूरो-1 और 1996 में यूरो-2 मानक तथा वर्ष 2000 में यूरो-3 मानक लागू किया। इसके बाद यूरो 4 मानक (जनवरी, 2005), यूरो 5 मानक (सितम्बर, 2009) और यूरो 6 मानक (सितम्बर, 2014) में लागू किये गये।

**5. महात्मा गाँधी को किसने सबसे पहले 'राष्ट्रपिता' से सम्बोधित किया था?**

(a) भगत सिंह

(b) रवीन्द्रनाथ टैगोर

(c) सुभाषचन्द्र बोस

(d) सरोजिनी

**Ans. (c) :** किसी राष्ट्र के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वहन करने वाले राजनेता को उस देश के नागरिक अपने राष्ट्रपिता के रूप में सम्मान देते है। 6 जुलाई 1944 को सुभाष चन्द्र बोस ने रंगून रेडियो स्टेशन से एक संदेश प्रसारित करते हुए महात्मा गांधी को सर्वप्रथम राष्ट्रपिता कहकर संबोधित किया था तथा उनसे निर्णायक लड़ाई में शुभकानाएँ मांगी।

**6. कूका आंदोलन कहाँ से संबंधित है?**

(a) पंजाब

(b) मालाबार

(c) बंगाल

(d) बिहार

**Ans. (a) :** कूका विद्रोह की शुरूआत पंजाब में 1860-1870 ई. में हुई थी। इस विद्रोह का आरम्भिक स्वरूप धार्मिक था, जिसका उद्देश्य सिख धर्म में व्याप्त अंध विश्वासों एवं बुराइयों को दूर करना था। किन्तु बाद में यह राजनीतिक विद्रोह के रूप में परिवर्तित हो गया, जिसका सामान्य उद्देश्य अंग्रेजों को देश से बाहर निकालना था। पश्चिमी पंजाब में कूका आन्दोलन की शुरूआत भगत जवाहर मल ने की थी। विद्रोह के समय कूका आन्दोलन का नेतृत्व रामसिंह कर रहे थे।

**7. 'ए पैसेज टू इण्डिया' पुस्तक किसकी रचना है?**

(a) नीरद सी. चौधरी

(b) सलमान रूश्दी

(c) विक्रम सेठ

(d) ई.एम. फोर्सटर

**Ans. (d) :** ए पैसेज टू इंडिया (1924) अंग्रेजी लेखक ई.एम. फोर्सटर द्वारा लिखित, 1920 के दशक में ब्रिटिश राज और भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन की पृष्ठभूमि पर प्रकाश डालता है।

**8. 'कोपेनहेगेन' किस देश की राजधानी है?**

(a) कनाडा

(b) इण्डोनेशिया

(c) डेनमार्क

(d) आयरलैण्ड

**Ans. (c) :**

| देश | राजधानी |
|---|---|
| कनाडा | ओटावा |
| इण्डोनेशिया | जकार्ता |
| डेनमार्क | कोपेनहेगेन |
| आयरलैण्ड | डबलिन |

**9. भारतीय सुरक्षा तंत्र में 'ध्रुव' क्या है?**

(a) उच्च तकनीक हेलीकॉप्टर

(b) बैलिस्टिक मिसाइल

(c) अत्याधुनिक राइफल

(d) इनमे से कोई नही

**Ans. (a) :** भारतीय सुरक्षा तंत्र में ध्रुव हिंदुस्तान ऐरोनॉटिक्स लिमिटेड द्वारा विकसित और निर्मित एक बहुद्देशीय उच्च तकनीक हेलीकॉप्टर है। इसके संस्करण भारतीय सशस्त्र बलों के साथ-साथ नागरिक एवं वाणिज्यिक उद्देश्यों की पूर्ति के लिए भी बनाए गए हैं।

**10. आज 'नवरत्न' का अर्थ है–**

(a) वह नौ जड़ी-बूटी जिससे हर्बल तेल बनता है

(b) नौ सार्वजनिक क्षेत्र की कम्पनी

(c) केन्द्रीय लोक उद्यम विभाग द्वारा कम्पनियों को दिया गया दर्जा

(d) केन्द्रीय मंत्रिमंडल के नौ प्रमुख मंत्रालय

**Ans. (c) :** वर्ष 1997 में भारत सरकार द्वारा नवरत्न योजना प्रारंभ की गई थी। इस योजना का उद्देश्य बेहतर कार्य-निष्पादन और तुलनात्मक रूप से लाभकारी स्थिति वाले 'केन्द्रीय सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों'(CPSEs) की पहचान कर उन्हें अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर विशाल उद्यमों के रूप में उभरने में सहायता प्रदान करना है। वर्तमान में 14 नवरत्न कंपनियाँ है। इन कंपनियों को केन्द्र सरकार के मंजूरी के बिना 1000 करोड़ रुपये तक का निवेश करने की वित्तीय स्वायत्तता प्राप्त है।

**11. सारनाथ स्थित स्तम्भ का निर्माण किसने करवाया था?**

(a) अशोक

(b) कनिष्क

(c) चन्द्रगुप्त

(d) समुद्रगुप्त

**Ans. (a) :** सारनाथ स्तम्भ सम्राट अशोक (273 ई.पू. 232 ई.पू.) द्वारा वाराणसी के सारनाथ में बनवाया गया। इस स्तम्भ के शीर्ष पर चार शेर एक दूसरे से पीठ से पीठ सटाकर बैठे हुए है, इनके नीचे 4 पशु बैल, घोड़ा हाथी, सिंह दौड़ते हुए दिखाए गए हैं। भारत ने इस स्तम्भ को अपने राष्ट्रीय प्रतीक के रूप में 26 जनवरी 1950 को अपनाया था। स्तम्भ के दो पशुओं के बीच स्थित अशोक चक्र को तिरंगे के मध्य में रखा है।

**12. 'हरिजन बन्धु' नामक पत्रिका का नाम बदलकर क्या रखा गया था?**

(a) यंग इंडिया

(b) नवजीवन

(c) हरिजन

(d) हरिजन सेवक

**Ans. (c) :** महात्मा गाँधी ने 1919 में नवजीवन नामक पत्रिका की शुरूआत की थी। 1932 ई. में इसका नाम बदलकर हरिजन बन्धु कर दिया। गांधी जी हरिजन नाम वाले तीन पत्रों का प्रकाशन करते थे हरिजन बंधु (गुजराती में), हरिजन सेवक (हिन्दी में), हरिजन (अंग्रेजी में) जिसमें हरिजन बन्धु नामक पत्रिका का नाम बदलकर हरिजन रखा गया था। इन तीन पत्रों में महात्मा गांधी देश के सामाजिक और आर्थिक मुद्दों पर अपने विचार व्यक्त करते थे।

**13. किस भारतीय भाषा को बोलने वाले लोगों की संख्या विश्व में हिन्दी के बाद सबसे अधिक है?**

(a) बांग्ला

(b) तमिल

(c) तेलुगू

(d) कन्नड़

**Ans. (a) :** बांग्ला भाषा भारतीय– आर्य परिवार की भाषा है। यह बांग्लादेश और भारत के पश्चिम बंगाल, असम तथा त्रिपुरा राज्यों के 20 करोड़ से अधिक तथा ब्रिटेन में बसे बड़े प्रवासी समुदाय द्वारा बोली जाती है। यह बांग्लादेश की राजभाषा और भारत के संविधान द्वारा मान्यता प्राप्त 22 भाषाओं में से एक है तथा भारतीय भाषाओं में हिन्दी के बाद दूसरी सबसे ज्यादा बोली जाने वाली भाषा है।

**14. शब्द 'इड' संबंधित है–**

(a) आत्ममोह

(b) प्रकृतिवाद

(c) सुखवाद

(d) परोपकारिता

**Ans. (a) :** शब्द 'इड', आत्ममोह से संबंधित है।

**15. 'स्वर्णिम चतुर्भुज योजना' किस क्षेत्र से संबंधित है?**

(a) गणित विश्लेषण

(b) रेलमार्ग

(c) जलमार्ग

(d) सड़कमार्ग

**Ans. (d) :** स्वर्णिम चतुर्भुज परियोजना देश के चार प्रमुख महानगरों उत्तर में दिल्ली, दक्षिण में चेन्नई, पूर्व में कोलकाता तथा पश्चिम में मुंबई को जोड़ने हेतु 2001 में तत्कालीन प्रधानमंत्री अटल बिहारी बाजपेई द्वारा शुरू की गयी जो 13 राज्यों से होकर गुजरता है।

**16. निम्नलिखित में से किसने 'दीन-ए-इलाही' धर्म को स्वीकार किया था?**

(a) मान सिंह

(b) टोडरमल

(c) बीरबल

(d) इनमें से कोई नहीं

**Ans. (c) :** दीन-ए-इलाही अकबर द्वारा 1582 में चलाया गया धर्म था, जिसमें हिन्दू, मुस्लिम, बौद्ध, जैन, पारसी तथा ईसाई धर्म की मुख्य-मुख्य बातों का समावेश था। हिन्दुओं में सर्वप्रथम बीरबल ने दीन-ए-इलाही धर्म को स्वीकार किया था।

**17. 'नेशनल गैलरी ऑफ मॉडर्न आर्ट' कहाँ स्थित है?**

(a) नई दिल्ली

(b) पटना

(c) कोलकाता

(d) चेन्नई

**Ans. (a):** राष्ट्रीय आधुनिक कला संग्रहालय की स्थापना 29 मार्च 1954 को नई दिल्ली में की गई। इसमें विभिन्न कलाकारों की 14000 से अधिक आधुनिक कलाकृतियों का संग्रह है।

**18. निम्न में से कौन खरीफ फसल नहीं है?**

(a) चावल

(b) मक्का

(c) कपास

(d) बरसीम

**Ans. (d) :** खरीफ की फसल जून-जुलाई में बोई जाती है और नवंबर-दिसंबर में काट ली जाती है। इसके अंतर्गत धान, मक्का, कपास, गन्ना, अरहर आदि फसलें आती हैं जबकि बरसीम, चारे की वार्षिक फसल है।

**19. महात्मा गाँधी का चम्पारण आंदोलन सफल रहा–**

(a) 1920 ई.

(b) 1915 ई.

(c) 1917 ई.

(d) इनमें से कोई नहीं

**Ans. (c) :** चम्पारण आंदोलन गांधी जी के नेतृत्व में बिहार के चम्पारण जिले में सन् 1917 में हुआ। गांधीजी के नेतृत्व में भारत में किया गया यह पहला सत्याग्रह था जिसका उद्देश्य किसानों को अंग्रेजों की शोषणकारी नील की कृषि संबंधित तिनकठिया पद्धति से से मुक्ति दिलाना था। इस पद्धति के तहत किसानों को अपनी कुल भूमि के प्रति बीघा भाग पर तीन कट्ठा भाग में नील की खेती करना अनिवार्य था।

**20. सर्वप्राचीन विधि ग्रंथ कौन है?**

(a) मनुस्मृति

(b) कामसूत्र

(c) भागदूध

(d) इनमें से कोई नहीं

**Ans. (a) :** मनुस्मृति सर्व प्राचीन विधि ग्रंथ है जिसका रचनाकाल 200 ई.पू. से 200 ई० है। 2684 श्लोकों का यह ग्रंथ 12 अध्यायों में विभक्त है।

**21. गुप्त संवत् कब प्रारम्भ हुआ?**

(a) 78ई.

(b) 319ई.

(c) 75ई.

(d) इनमें से कोई नहीं

**Ans. (b) :** गुप्त राजाओं तथा उनके सामन्तों के लेखों में गुप्त संवत् का प्रयोग मिलता है। इसकी स्थापना गुप्त वंश के शासक चन्द्रगुप्त प्रथम ने 319 ईस्वी में की थी। गुप्तों की राजधानी पाटलिपुत्र थी। चन्द्रगुप्त प्रथम गुप्त वंश का प्रथम महान सम्राट था इसने 'महाराजाधिराज' की उपाधि धारण की थी।

**22. ''सर्वेंट्स ऑफ इंडिया सोसायटी' से संबंधित हैं–**

(a) महात्मा गाँधी

(b) गोपालकृष्ण गोखले

(c) जवाहरलाल नेहरू

(d) इनमें से कोई नहीं

**Ans. (b) :** सर्वेन्ट्स ऑफ इंडिया सोसाइटी की स्थापना गोपाल कृष्ण गोखले ने महादेव गोविंद रानाडे के सहयोग से 12 जून 1905 को की थी। इस संगठन ने विभिन्न सामाजिक कार्यों में भाग लिया।

**23. मीनाक्षी मंदिर कहाँ स्थित है?**

(a) मदुरै

(b) पानीपत

(c) भोपाल

(d) तिरुवनंतपुरमं

**Ans. (a) :** तमिलनाडु के मदुरै शहर में मीनाक्षी मंदिर स्थित है जो अपनी बनावट की वजह से दुनियाभर में मशहूर है। यह मंदिर भगवान शिव की पत्नी देवी पार्वती को समर्पित है जिसका गर्भगृह 2500 साल पुराना है। इसका निर्माण पल्लव शासक कुलशेखर ने कराया था।

**24. 'हनुज दिल्ली दूरस्थ ( अभी दिल्ली दूर है ) किसने कहा है?**

(a) अमीर खुसरो

(b) कबीर

(c) शेख सलीम चिश्ती

(d) निजामुद्दीन औलिया

**Ans. (d) :** हजरत निजामुद्दीन औलिया चिश्ती सम्प्रदय के चौथे संत थे इन्होंने दिल्ली सल्तनत के शासक गयासुद्दीन तुगलक द्वारा दण्ड देने की धमकी पर 'हनुज दिल्ली दूरस्थ' (दिल्ली अभी दूर है) कहा था। इस दौरान वह बंगाल से दिल्ली आ रहा था।

**25. गुप्त वंश का संस्थापक कौन था?**

(a) श्रीगुप्त

(b) चन्द्रगुप्त

(c) समुद्रगुप्त

(d) इनमें से कोई नहीं

**Ans. (a) :** गुप्त वंश की नींव श्री गुप्त ने तीसरी शताब्दी में रखी। मौर्य काल के बाद गुप्त काल को भी भारतीय इतिहास का स्वर्णिम युग माना जाता है। गुप्त काल की जानकारी वायु पुराण से प्राप्त होती है। गुप्तकाल की राजकीय भाषा संस्कृत थी। गुप्त वंश का अंतिम शासक विष्णुगुप्त था।

**26. 'तोलक्ककप्पियम्' ग्रंथ संबंधित है–**

(a) प्रशासन से

(b) विधि से

(c) व्याकरण से

(d) सभी से

**Ans. (c) :** तोलक्कप्पियम् तमिल व्याकरण का ग्रंथ है। यह द्वितीय संगम युग का ग्रंथ है जो अगस्त्य ऋषि के शिष्य तोलकाप्पियर द्वारा लिखा गया था। धर्म, अर्थ, काम एवं मोक्ष की नियमावली का भी इस ग्रन्थ में वर्णन है।

**27. 1857 के विद्रोह के समय भारत का गवर्नर जनरल कौन था?**

(a) डलहौजी

(b) विलियम बैंटिक

(c) कैनिंग

(d) लिटन

**Ans. (c):** 'सिपाही विद्रोह 1857' जिसे 1857 के भारतीय विद्रोह के रूप में भी जाना जाता है। यह ब्रिटिश साम्राज्य के खिलाफ ब्रिटिश उपनिवेशित भारत के मूल पैदल सैनिकों का विद्रोह था। तत्कालीन गवर्नर जनरल कैनिंग के समय हुए इस विद्रोह का कारण ब्रिटिश विस्तारवादी, शोषक एवं कराधान नीतियों, सामाजिक प्रथाओं में हस्तक्षेप, प्रशासनिक अत्याचारों का सम्मिलित प्रभाव था।

**28. किसके शासन काल में सबसे अधिक मंगोल आक्रमण हुए?**

(a) बलवन

(b) अलाउद्दीन खिलजी

(c) मुहम्मद बिन तुगलक

(d) फिरोज तुगलक

**Ans. (b) :** अलाउद्दीन खिलजी के शासन काल में सबसे अधिक 5 मंगोल आक्रमण हुए। 1297-98 में प्रथम मंगोल आक्रमण कादिर खाँ के नेतृत्व में पंजाब एवं लाहौर पर किया गया जिसे खिलजी की सेना का प्रतिनिधित्व करते हुए जफर खाँ एवं उलूग खाँ ने विफल कर दिया था। जफर खाँ मंगोलो से लड़ते हुए मारा गया।

**29. दिल्ली सल्तनत की दरबारी भाषा थी–**

(a) फारसी

(b) अरबी

(c) उर्दू

(d) हिंदी

**Ans. (a) :** 1206 से 1526 तक भारत पर शासन करने वाले पाँच वंश के सुल्तानों के शासनकाल को दिल्ली सल्तनत कहा जाता है। यह पाँच वंश, गुलाम वंश (1206-1290), खिलजी वंश (1290-1320), तुगलक वंश (1320-1414), सैय्यद वंश (1414-1451) तथा लोदी वंश (1451-1526) हैं। इनमें से पहले चार वंश मूल रूप से तुर्क थे और आखिरी वंश अफगान था। दिल्ली सल्तनत की दरबारी भाषा फारसी थी।

**30. दक्षिण भारत का सर्वोच्च पर्वत शिखर है–**

(a) अनाईमुदी

(b) दोदाबेट्टा

(c) महाबलेश्वर

(d) महेंद्रगिरि

**Ans. (a) :** अन्नामलाई की पहाड़ियाँ दक्षिण भारत के पश्चिमी घाट के तमिलनाडु और केरल राज्य में स्थित है। 2695 मीटर ऊँची अनाईमुडी चोटी इसी शृंखला के बिल्कुल दक्षिण-पश्चिमी छोर पर स्थित दक्षिण भारत की सबसे ऊँची चोटी है। जो कि केरल राज्य में स्थित है।

**31. काराकोरम पर्वत श्रेणी का पूर्व नाम है–**

(a) के-2

(b) कृष्णागिरि

(c) सागरमाथा

(d) राकापोशी

**Ans. (b) :** काराकोरम पर्वतश्रेणी भारतीय क्षेत्र से पाकिस्तानी भूमि तक फैली हुई, ग्रेनाइट-पट्टिताश्म का विशाल पर्वत पिंड है। यह ट्रांस हिमालय का भाग है, जो उत्तर में पामीर एवं दक्षिण में सिन्धु तथा श्योक नदियों के बीच फैली है। काराकोरम पर्वतश्रेणी का प्राचीन नाम कृष्णागिरि था तथा इसकी सर्वोच्च चोटी 'गॉडविन आस्टिन' (के-2), 8,611 मीटर है।

**32. टिहरी बाँध किस राज्य में है?**

(a) मध्य प्रदेश

(b) उत्तर प्रदेश

(c) उत्तराखंड

(d) छत्तीसगढ़

**Ans. (c) :** टिहरी बाँध, टिहरी विकास परियोजना का प्राथमिक बाँध है, जो उत्तराखण्ड के टिहरी में स्थित है। यह बाँध गंगा नदी की प्रमुख सहायक नदी भागीरथी और भीलांगना के संगम पर बनाया गया है। टिहरी बाँध की ऊँचाई 260.5 मी. है, जो इसे विश्व का पाँचवाँ सबसे ऊँचा बाँध बनाती है।

**33. भारत का सबसे ऊँचा जलप्रपात है–**

(a) कपिल धारा

(b) धुआँधार

(c) जोग

(d) इनमें से कोई नहीं

**Ans. (c) :** जोग जलप्रपात को गरसोप्पा जलप्रपात भी कहा जाता है। यह शिमोगा, कर्नाटक से 104 किमी. की दूरी पर शरावती नदी पर स्थिति है। एशिया के सबसे ऊँचे जल प्रपात के रूप में जाना जाने वाला जोग प्रपात (समुद्र तल से 488मी.) कर्नाटक का मुख्य पर्यटन स्थल और आकर्षण का केन्द्र है।

**34. संसार की सबसे गहरी झील कौन है?**

(a) बैकाल झील (b) मोती झील

(c) सुपीरियर झील (d) इनमें से कोई नहीं

**Ans. (a) :** विश्व की सबसे गहरी झील, बैकाल झील है जो रूस के साइबेरिया क्षेत्र में स्थित है। इस झील की गहराई 1,637 मीटर (5359 फीट) है। कैस्पियन सागर विश्व की सबसे बड़ी और खारे पानी की झील है जिसका क्षेत्रफल 371000 वर्ग किमी. है।

**35. झूम कृषि करने वाली मुख्य जनजाति है–**

(a) संथाली

(b) गारो

(c) भील

(d) जारवा

**Ans. (b) :** झूम कृषि एक आदिम प्रकार की कृषि है जिसमें वृक्षों तथा वनस्पतियों को काटकर उन्हें जला दिया जाता है और साफ की गई भूमि पर पुराने उपकरणों (हल आदि) से जुताई करके बीज की बुआई की जाती है। गारो जनजातियों का आर्थिक जीवन इसी कृषि पर निर्भर करता है। इस कृषि में धान कपास, मक्का, बाजरा, दालें उगाई जाती है।

**36. बांग्लादेश की सीमा से मिलने वाला राज्य है–**

(a) त्रिपुरा

(b) मणिपुर

(c) अरुणाचल प्रदेश

(d) नगालैंड

**Ans. (a) :** बांग्लादेश के साथ पश्चिम बंगाल, असम, मेघालय, त्रिपुरा तथा मिजोरम राज्य सीमा बनाते है। अतः विकल्प (a) त्रिपुरा सही है।

**37. किसी विधेयक को धन विधेयक होने का अंतिम निर्णय कौन देता है?**

(a) प्रधानमंत्री (b) लोकसभा अध्यक्ष

(c) वित्त मंत्री (d) वित्त सचिव

**Ans. (b):** धन विधेयक को संविधान के अनुच्छेद 110 के अंतर्गत परिभाषित किया गया है। धन विधेयक को लोकसभा में पेश किए जाने से पूर्व राष्ट्रपति की सहमति आवश्यक है। लोकसभा द्वारा पारित किए जाने के बाद विधेयक को राज्यसभा में उसकी सिफारिश के लिए भेजा जाता है लोकसभा अध्यक्ष अंतिम निर्णय देता है कि वह धन विधेयक है। अथवा नहीं

**38. प्रधानमंत्री बनने की निम्नतम आयु है–**

(a) 20 वर्ष (b) 25 वर्ष

(c) 30 वर्ष (d) इनमें कोई नहीं

**Ans. (b) :** प्रधानमंत्री बनने की न्यूनतम आयु 25 वर्ष है। संविधान में प्रधानमंत्री पद की योग्यताओं का वर्णन नहीं किया गया है। प्रधानमंत्री को लोकसभा एवं राज्यसभा में से किसी एक का सदस्य होना चाहिए, ऐसी स्थिति में अगर वह लोकसभा का सदस्य है तो न्यूनतम आयु 25 वर्ष है।

**39. राज्य सभा सदस्यों का कार्यकाल होता है–**

(a) 3 वर्ष (b) 5 वर्ष

(c) 6 वर्ष (d) 8 वर्ष

**Ans. (c) :** राज्यसभा भारतीय लोकतंत्र की ऊपरी प्रतिनिधि सभा है तथा लोकसभा निचली प्रतिनिधि सभा। राज्यसभा में 245 सदस्य होते है। जिसमें से 12 सदस्य राष्ट्रपति के द्वारा मनोनित होते हैं। अन्य सदस्यों का चुनाव होता है। राज्यसभा में सदस्य 6 साल के लिए चुने जाते है, जिनमें से एक-तिहाई सदस्य प्रति दो साल में सेवानिवृत्त होते हैं।

**40. उपराष्ट्रपति का निर्वाचन किसके द्वारा होता है?**

(a) राष्ट्रपति (b) मंत्रिमंडल

(c) जनता (d) संसद

**Ans. (d) :** अनुच्छेद 66 में उपराष्ट्रपति के निर्वाचन प्रक्रिया का वर्णन है इसके अनुसार उपराष्ट्रपति का चुनाव एक निर्वाचक मंडल द्वारा होता है जिसमें संसद के दोनों सदनों के सभी सदस्य शामिल होते हैं अतः मनोनीत सदस्य भी भाग लेते हैं।

**41. कौन भारत के राष्ट्रपति के चुनाव में भाग नहीं लेता?**

(a) राज्य सभा (b) लोक सभा

(c) विधान सभा (d) विधान परिषद

**Ans. (d) :** राष्ट्रपति का निर्वाचन अप्रत्यक्ष तथा आनुपातिक प्रतिनिधित्व पद्धति के तहत एकल संक्रमणीय मत द्वारा निर्वाचक मंडल के द्वारा होता है जिसमें लोकसभा, राज्यसभा तथा राज्यों की विधान सभाओं के चुने हुए सदस्य भाग लेते हैं। इसमें प्रांतों की विधान परिषदों के सदस्य एवं राज्यसभा के मनोनीत सदस्यों के भाग लेने का प्रावधान नहीं है।

**42. राज्य सभा के लिए नामांकित प्रथम अभिनेत्री कौन थी?**

(a) वैजंती माला (b) नरगिस

(c) माला सिन्हा (d) पूनम ढिल्लों

**Ans. (b) :** राज्यसभा के लिए नामित प्रथम फिल्म अभिनेत्री नरगिस दत्त थीं। जिन्हें वर्ष 1980 में राज्यसभा के लिए नामित किया गया था। 1957 की मदर इंडिया फिल्म के लिए नरगिस को एकेडमी अवार्ड के लिए नामांकित किया गया था। तत्कालीन राष्ट्रपति नीलम संजीव रेड्डी थे।

**43. बच्चों को कारखाना में बलात् प्रवेश निषेध किस अनुच्छेद में है?**

(a) अनु. 22 (b) अनु. 23

(c) अनु. 24 (d) अनु. 20

**Ans. (c) :** अनुच्छेद 24 के अनुसार, चौदह वर्ष से कम आयु के किसी बालक को किसी कारखाने या खान में काम करने के लिए नियोजित नहीं किया जाएगा या अन्य किसी परिसंकटमय नियोजन में नहीं लगाया जाएगा।

**44. भारत के संविधान को किसने अंगीकृत किया?**

(a) भारत की जनता ने

(b) भारत की संसद ने

(c) संविधान सभा में भारत की जनता के प्रतिनिधियों ने

(d) कैबिनेट ने

**Ans. (c) :** भारत का संविधान, भारत का सर्वोच्च विधान है जो संविधान सभा में 26 नवम्बर 1949 को पारित हुआ तथा 26 जनवरी 1950 से प्रभावी हुआ। इसे संविधान सभा में भारत की जनता के प्रतिनिधियों ने अंगीकृत किया।

**45. राज्य में संवैधानिक विफलता होने पर किस धारा का प्रयोग होता है?**

(a) अनुच्छेद-360 (b) अनुच्छेद-356

(c) अनुच्छेद-250 (d) अनुच्छेद-410

**Ans. (b) :** भारत के संविधान का अनुच्छेद-356,केन्द्र की संघीय सरकार को राज्य में संवैधानिक तंत्र की विफलता या संविधान के स्पष्ट उल्लघंन की दशा में उस राज्य की सरकार को बर्खास्त कर उस राज्य में राष्ट्रपति शासन लागू करने का अधिकार देता है। राष्ट्रपति शासन उस स्थिति में भी लागू होता है, जब राज्य विधानसभा में किसी दल या गठबंधन का स्पष्ट बहुमत नहीं हो।

**46. उच्च न्यायालय के न्यायाधीश किसके द्वारा नियुक्त किए जाते हैं?**

(a) राज्यपाल (b) भारत के मुख्य न्यायाधीश

(c) भारत के राष्ट्रपति (d) प्रधानमंत्री

**Ans. (c) :** संविधान का अनुच्छेद 217 उच्च न्यायालय के न्यायाधीशों की नियुक्ति का उपबंध करता है। इसके अनुसार किसी उच्च न्यायालय के किसी न्यायाधीश की नियुक्ति राष्ट्रपति द्वारा की जाती है। यदि राष्ट्रपति आवश्यक समझता है तो उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश और उस राज्य के राज्यपाल से सलाह ली जाती है। उच्च न्यायालय में मुख्य न्यायाधीश की नियुक्ति राष्ट्रपति द्वारा भारत के मुख्य न्यायाधीश की सलाह पर की जाएगी।

**47. राज्य सभा में राष्ट्रपति द्वारा मनोनीत सदस्यों की संख्या होती है–**

(a) 2 (b) 10

(c) 12 (d) 8

**Ans. (c) :** भारतीय संविधान का अनुच्छेद-80, राज्यसभा के गठन का प्रावधान करता है। राज्यसभा के सदस्यों की अधिकतम संख्या 250 हो सकती है, परंतु वर्तमान में यह संख्या 245 है। इनमें से 12 सदस्यों को राष्ट्रपति द्वारा साहित्य, विज्ञान, कला और समाज सेवा से संबंधित क्षेत्रों से मनोनीत किया जाता है।

**48. बलवंत राय मेहता समिति का गठन वर्ष है–**

(a) 1950ई. (b) 1957ई.

(c) 1986ई. (d) 1980ई.

**Ans. (b) :** बलवंत राय मेहता समिति का गठन पंचायती राज व्यवस्था को मजबूती प्रदान करने के लिए वर्ष 1957 में बलवंत राय मेहता की अध्यक्षता में किया गया था। इस समिति ने अपनी रिपोर्ट 1957 में ही प्रस्तुत कर दी थी। इस समिति ने त्रिस्तरीय पंचायती राज व्यवस्था की सिफारिश की थी। समिति की सिफारशों को 1 अप्रैल 1958 को लागू किया गया।

**49. भारत के राष्ट्रीय ध्वज में कितनी तीलियाँ होती हैं?**

(a) 20

(b) 21

(c) 52

(d) 24

**Ans. (d) :** राष्ट्रीय ध्वज में समान अनुपात में तीन क्षैतिज पट्टियां केसरिया, सफेद तथा हरा रंग है। ध्वज की लंबाई-चौड़ाई का अनुपात 3:2 है। सफेद पट्टी के बीच में नीले रंग का चक्र है, जिसका प्रारूप सारनाथ में अशोक के स्तंभ पर बने चक्र से लिया गया है, जिसमें 24 तीलियां हैं। भारत की संविधान सभा ने राष्ट्रीय ध्वज का प्रारुप 22 जुलाई 1947 को अपनाया था।

**50. स्वतंत्र भारत की प्रथम औद्योगिक नीति का घोषित वर्ष है-**

(a) 1947ई.

(b) 1950ई

(c) 1948ई.

(d) 1960ई.

**Ans. (c) :** किसी देश की औद्योगिक नीति वह नीति है जिसका उद्देश्य उस देश के निर्माण उद्योग का विकास करना एवं उसे वांछित दिशा देना होता है। 1947 में स्वतंत्रता प्राप्ति के बाद से अब तक भारत 6 बार औद्योगिक नीति की घोषणा कर चुका है जिसमें प्रथम औद्योगिक नीति 1948 में तथा छठी औद्योगिक नीति 1991 में आई।

**51. मॉडवेट संबंधित है–**

(a) उत्पाद शुल्क से

(b) आयकर से

(c) बिक्री कर से

(d) धरकर से

**Ans. (a):** मॉडवेट उत्पाद शुल्क से संबंधित है। माडवेट संशोधित मूल्य वर्धित कर है। केन्द्र सरकार ने मॉडवेट योजना की घोषणा मार्च 1986 में की गई, 1 मार्च 1994 से इस योजना को पेट्रोलियम उत्पादों के लिए बढ़ा दिया गया, जो अन्य उत्पाद शुल्क योग्य वस्तुओं के निर्माण के लिए एक निवेश के रूप में इस्तेमाल कर रहे हैं। इस योजना का अंतिम उद्देश्य दोहरे कराधान के व्यापक प्रभाव से बचना था।

**52. कर संरचना संबंधित सुधारों के लिए गठित समिति थी–**

(a) चिलैया समिति

(b) नरसिम्हन समिति

(c) बांगचू समिति

(d) इनमें से कोई नहीं

**Ans. (a) :** सरकार ने प्रोफेसर राजा जे. चेलैया के नेतृत्व में 1991 में कर सुधार समिति गठित की, जिसका काम भारत की कर प्रणाली में सुधार के लिए कार्यसूची तैयार करना था। इस कर सुधार समिति ने 1991, 1992 और 1993 में तीन रिर्पोट पेश की।

**53. समुद्र तल से बिहार की औसत ऊँचाई है?**

(a) 53मी.

(b) 173मी.

(c) 192मी.

(d) 203मी.

**Ans. (a) :** समुद्र तल से बिहार की ऊँचाई 53मी. (161फीट) है।

**54. क्षेत्रफल की दृष्टि से बिहार देश का सबसे बड़ा राज्य है–**

(a) 9वाँ (b) 10वाँ

(c) 11वाँ (d) 12वाँ

**Ans. (d) :** भारत में 28 राज्य तथा 8 केन्द्रशासित प्रदेश हैं। सर्वाधिक क्षेत्रफल वाले चार राज्य क्रमशः राजस्थान, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, उत्तर प्रदेश है। बिहार का स्थान 12वां है जिसका कुल क्षेत्रफल 94,163 किमी.$^2$ है जो भारत के क्षेत्रफल का 2.86 प्रतिशत है।

**55. पटना में स्थित गोलघर का निर्माण किस गवर्नर जनरल के समय में हुआ?**

(a) लॉर्ड हार्डिंग

(b) सर जॉन शोर

(c) वारेन हेस्टिंग्स

(d) लॉर्ड कार्नवालिस

**Ans. (d) :** गवर्नर जनरल लॉर्ड कार्नवालिस के समय में बिहार के पटना में स्थित ऐतिहासिक और आर्कषक गोलघर का निर्माण 20 जुलाई 1786 में ब्रिटिश इंजीनियर कैप्टन जान गार्स्टिन ने अनाज भंडारण के लिए एक गोदाम के रूप में 'गोलघर' का निर्माण करवाया था।

**56. उड़ीसा राज्य बिहार से कब पृथक किया गया और नया प्रान्त बनाया गया था?**

(a) 1912ई.

(b) 1926ई.

(c) 1936ई.

(d) 1956ई.

**Ans. (c) :** बिहार और उड़ीसा ब्रिटिश भारत का एक प्रांत था, जिसमें बिहार, झारखंड और उड़ीसा शामिल थे। 1 अप्रैल 1912 को बिहार और उड़ीसा प्रांत के रूप में बंगाल प्रेसीडेंसी से अलग हो गए थे। 22 मार्च 1936 को बिहार और उड़ीसा अलग प्रांत बन गए।

**57. बिहार में कितने ब्लॉक ( प्रखंड ) हैं?**

(a) 400 (b) 150

(c) 534 (d) 200

**Ans. (c) :** बिहार में (2005 की सूचना के अनुसार) 9 प्रमंडल (कमिश्नरी), 38 जिले, 101 अनुमंडल, 534 प्रखंड, 8471 पंचायत और 45,103 गांव है।

**58. प्लाईवुड का कारखाना बिहार में कहाँ है?**

(a) आरा

(b) हाजीपुर

(c) पटना

(d) गया

**Ans. (b):** बिहार राज्य के मुख्य उद्योग में मुजफ्फरपुर और मोकामा में भारत वैगन लिमिटेड का रेलवे वैगन प्लांट तथा हाजीपुर में दवाई तथा प्लाईवुड का कारखाना स्थित है।

**59. 'माई कन्ट्री माई लाइफ' पुस्तक के लेखक कौन हैं?**

(a) बराक ओबामा

(b) मनमोहन सिंह

(c) लालकृष्ण आडवाणी

(d) प्रणब मुखर्जी

**Ans. (c) :** 'माई कन्ट्री माई लाइफ' पुस्तक के लेखक भारतीय राजनेता लालकृष्ण आडवाणी हैं। यह पुस्तक 19 मार्च 2008 को भारत के ग्यारहवें राष्ट्रपति अब्दुल कलाम द्वारा विमोचित की गई थी। इसमें आडवानी जी के जीवन के आत्मकथात्मक लेखों और घटनाओं का वर्णन किया गया है।

**60. 'डेविस कप' किससे संबंधित है?**

(a) क्रिकेट

(b) लॉन टेनिस

(c) हॉकी

(d) इनमें से कोई नहीं

**Ans. (b) :** डेविस कप, लॉन टेनिस से संबंधित है जिसकी स्थापना 1900 में हुई थी। इस कप में सबसे सफल टीम अमेरिका (32 बार) तथा 2021 में रूस है।

**61. निम्न में से किस पाण्डुलिपि को यूनेस्को की सूची में शामिल किया गया है?**

(a) ऋग्वेद

(b) महाभारत कथा

(c) रामायण

(d) इनमें से कोई नहीं

**Ans. (a) :** राष्ट्रीय पाण्डुलिपि मिशन ने यूनेस्को के 'मेमोरी ऑफ द वर्ल्ड' रजिस्टर में शामिल होने हेतु भारतीय पाण्डुलिपियों को नामित करने की पहल शुरू की। भंडारकर ओरिएंटल अनुसंधान संस्थान, पुणे से ऋग्वेद पाण्डुलिपि को यूनेस्को के 'मेमोरी ऑफ द वर्ल्ड' रजिस्टर 2007 में शामिल किया गया था।

**62. नोबेल शांति पुरस्कार के विजेताओं की चयन समिति किस देश में है?**

(a) नीदरलैंड

(b) स्वीडन

(c) नार्वे

(d) जापान

**Ans. (c) :** रॉयल स्वीडिश एकेडमी ऑफ साइंसेज भौतिकी, रसायन और अर्थशास्त्र में नोबेल पुरस्कार विजेताओं का चयन करती है। कैरोलिन इंस्टीटयूट, स्टॉकहोम, स्वीडन में नोबेल असेंबली मेडिसिन के क्षेत्र में विजेताओं की घोषणा करती है। साहित्य के क्षेत्र में नोबेल पुरस्कार स्वीडिश अकादमी स्टॉकहोम, स्वीडन द्वारा जारी किया जाता है और शांति का नोबेल पुरस्कार नार्वे की संसद द्वारा चुनी गई समिति देती है।

**63. एशिया का सबसे पुराना स्टॉक एक्सचेंज कौन है?**

(a) टोकियो

(b) मुम्बई

(c) बीजिंग

(d) मास्को

**Ans. (b) :** बाम्बे स्टॉक एक्सचेंज भारत और एशिया का सबसे पुराना स्टॉक एक्सचेंज है जिसकी स्थापना 1875 में प्रेमचन्द्र रामचन्द्र द्वारा हुई थी। मुंबई स्टॉक एक्सचेंज (MSE) भारतीय शेयर बाजार के दो प्रमुख स्टॉक एक्सचेंजों में एक है तथा दूसरा नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (NSE) है। मुंबई स्टाक एक्सचेंज का इंडेक्स संसेक्स तथा नेशनल स्टाक एक्सचेंज का इंडेक्स निफ्टी है।

**64. 123 समझौता से संबंधित है–**

(a) परमाणु समझौता

(b) प्रेस वार्ता

(c) कश्मीर समस्या

(d) चुनाव विवाद

**Ans. (a) :** 123 समझौता अमेरिका के परमाणु ऊर्जा अधिनियम 1945 की धारा 123 के तहत किया गया है। जो भारत सरकार और संयुक्त राज्य अमेरिका की सरकार के बीच नाभिकीय ऊर्जा के शांतिपूर्ण प्रयोग के लिए सहयोग का समझौता है जिसकी सहमति 1 अगस्त 2007 को बनी थी।

**65. जलवायु परिवर्तन पर सम्मिट कहाँ हाल ही में हुआ है?**

(a) टोकियो

(b) न्यूयॉर्क

(c) कोपेनहेगेन

(d) इनमें से कोई नहीं

**Ans. (d) :** 25वां संयुक्त राष्ट्र जलवायु परिवर्तन सम्मेलन चिली सरकार की अध्यक्षता में 2 से 13 दिसंबर 2019 में मैड्रिड, (स्पेन) में आयोजित किया गया। 26वां संयुक्त राष्ट्र जलवायु परिवर्तन सम्मेलन, ग्लासगो (UK) में 31 अक्टूबर, 2021 से 12 नवम्बर, 2021 तक आयोजित हुआ। COP-27 का अयोजन मिस्र में 2022 में आयोजित होगा। COP-28 का अयोजन UAE (संयुक्त अरब अमिरात) में 2023 में होगा।

**66. हिंदी समाचार पत्र 'हिन्दुस्तान' के सम्पादक हैं–**

(a) शशि शेखर

(b) मृणाल पांडे

(c) जी. चौधरी

(d) हरिमोहन

**Ans. (a) :** हिंदी समाचार पत्र 'हिन्दुस्तान' एक दैनिक अखबार है जिसकी स्थापना 12 अप्रैल 1936 को मदन मोहन मालवीय द्वारा की गयी थी। इसके प्रकाशक अजय कुमार जैन और मुख्य संपादक शशि शेखर हैं।

**67. UNO की आधिकारिक भाषा कितनी हैं?**

(a) पाँच

(b) छः

(c) सात

(d) आठ

**Ans. (b) :** संयुक्त राष्ट्र एक अंतरराष्ट्रीय संगठन है, जिसका उद्देश्य अन्तर्राष्ट्रीय सुरक्षा, आर्थिक विकास, सामाजिक प्रगति, मानव अधिकार तथा विश्व शांति स्थापित करना है। संयुक्त राष्ट्र की स्थापना 24 अक्टूबर 1945 को हुई जिसकी छह आधिकारिक भाषाएं अरबी, चीनी, अंग्रेजी, फ्रांसीसी, रूसी तथा स्पेनी हैं।

**68. किस राज्य में बौद्ध धर्मावलम्बी दूसरे नंबर पर हैं?**

(a) बिहार

(b) मध्य प्रदेश

(c) अरुणाचल प्रदेश

(d) सिक्किम

**Ans. (c) :** 2001 की जनगणना के आधार पर, प्रश्नकाल में अरुणाचल प्रदेश में बौद्ध धर्मावलम्बी दूसरे नंबर पर थे। 2011 की जनगणना के अनुसार जनसंख्या के आधार पर सर्वाधिक बौद्ध धर्मावलम्बी उ.प्र. में है। प्रतिशतता के आधार पर सर्वाधिक बौद्ध धर्मावलम्बी सिक्किम में है।

**69. अमेरिका के राष्ट्रपति अधिकतम कितनी बार निर्वाचित हो सकते हैं?**

(a) एक बार

(b) दो बार

(c) तीन बार

(d) अनगिनत बार

**Ans. (b) :** 1951 में संयुक्त राज्य अमेरिका के संविधान में बाईसवें (22) संशोधन के बाद से किसी भी व्यक्ति दो बार से अधिक राष्ट्रपति निर्वाचित नहीं किया जा सकता है।

**70. निक्की हेली को हाल में किस देश में राष्ट्रपति का विशेष दूत बनाया गया है?**

(a) जापान

(b) नीदरलैंड

(c) अमेरिका

(d) भारत

**Ans. (c) :** निक्की हेली को संयुक्त राज्य अमेरिका में राष्ट्रपति का विशेष दूत नियुक्त किया गया। अमेरिकी प्रशासन में कैबिनेट स्तर के पद पर नियुक्त होने वाली पहली भारतीय अमेरिकी है।

**71. 'माय नेम इज खान' फिल्म के निर्देशक कौन हैं?**

(a) शाहरूखा खान

(b) महेश भट्ट

(c) करण जौहर

(d) इनमें से कोई नहीं

**Ans. (c) :** माइ नेम इज खान वर्ष 2010 में बनी एक हिन्दी फिल्म है। जिसके मुख्य कलाकर शाहरूख खान और काजोल देवगन हैं। इस फिल्म के निर्देशक करन जौहर तथा लेखक शिबानी बथीजा है।

**72. 'चाँद का मुहँ टेढ़ा है' पुस्तक के लेखक हैं-**

(a) मदन मोहन मालवीय

(b) गजानन माधव मुक्तिबोध

(c) दुष्यंत कुमार

(d) अमीर खुसरो

**Ans. (b) :** चाँद का मुंह टेढ़ा, भारत के प्रसिद्ध प्रगतिशील कवि और हिंदी साहित्य की स्वातंत्र्योत्तर काव्यधारा के शीर्ष व्यक्तित्व गजानन माधव 'मुक्तिबोध' द्वारा लिखी गई कविताओं का संग्रह है। यह पुस्तक भारतीय ज्ञानपीठ द्वारा 1 जनवरी 2004 को प्रकाशित की गयी थी।

**73. अखबारी कागज के उद्योग के लिए कौन-सा शहर विख्यात है?**

(a) आगरा

(b) सूरत

(c) नेपानगर

(d) जमशेदपुर

**Ans. (c) :** नेपा लिमिटेड भारत में अखबारी कागज बनाने वाला भारत सरकार का सार्वजनिक क्षेत्र का अग्रणी उपक्रम है जिसे वर्ष 1959 में केन्द्र सरकार द्वारा अपने अधीन किया गया। नेपा लिमिटेड देश में प्रथम अखबारी कागज का कारखाना है जो नेपानगर जिला बुरहानपुर मध्य प्रदेश में स्थित है।

**74. 'स्लमडॉग मिलिनेयर' एक उपन्यास 'क्यू एंड ए' पर आधारित है, इसके लेखक हैं?**

(a) विकास स्वरूप

(b) खुशवंत सिंह

(c) जगमोहन सिंह

(d) इनमें से कोई नहीं

**Ans. (a) :** विकास स्वरूप का पहला उपन्यास 'क्यू एंड ए' वर्ष 2005 में प्रकाशित हुआ, इस पर आधारित फिल्म स्लमडॉग मिलियनेयर को डैनी बॉयल ने 2008 में निर्देशित किया था। इस उपन्यास का 43 भाषाओं में अनुवाद हो चुका है। विकास स्वरूप के दो अन्य उपन्यास 'सिक्स सस्पेक्ट्स' (2008) और 'द एक्सीडेंटल अपरेंटिस' 2013 है।

**75. 'कजरी' लोक नृत्य कहाँ प्रचलित है?**

(a) उड़ीसा

(b) मध्य प्रदेश

(c) उत्तर प्रदेश

(d) राजस्थान

**Ans. (c) :** कजरी पूर्वी उत्तर प्रदेश का लोकगान तथा लोक नृत्य है जिसे सावन के महीने में गाया जाता है। उत्तर प्रदेश के प्रमुख लोकनृत्य में रासलीला, रामलीला, ख्याल, नौटंकी, नकाल, स्वांग, दादरा और चरकुला नृत्य शामिल है।

## विज्ञान एवं अन्य

**76. शून्य की पहचान सबसे पहले किस भारतीय गणितज्ञ ने किया था?**

(a) आर्यभट्ट

(b) भास्कराचार्य

(c) वशिष्ठ नारायण

(d) चरक

**Ans. (a) :** आर्यभट्ट प्राचीन भारत के एक महान खगोलविद और गणितज्ञ थे। उन्होंने सबसे पहले पाई ( ) की मान निर्धारित किया गणित के जटिल प्रश्नों को सरलता से हल करने के लिए समीकरणों का अविष्कार किया तथा सर्वप्रथम शून्य की पहचान की।

**77. एक विद्युत ट्रेन उत्तर दिशा में जा रही है, तो उसका धुआँ किस दिशा में जाएगी?**

(a) उत्तर-पूर्व


(b) दक्षिण

(c) दक्षिण-पूर्व

(d) इनमें से कोई नहीं

**Ans. (d) :** धुंआ केवल कोयला तथा डीजल इंजनो से चलने वाली ट्रेन से ही निकलता है। विद्युत इंजन से चलने वाली रेलगाड़ी में धुंआ नहीं निकलता है।

**78. निम्न आकृति में प्रश्नवाचक चिन्ह के स्थान पर क्या आएगा?**




(a) 121 (b) 216

(c) 139 (d) 141

**Ans. (a) :**

0 3 + 1 = 1

1 3 + 1 = 4

4 3 + 1 = 13

13 3 + 1 = 40

40 3 + 1 = 121

अतः उत्तर 121 होगा।

**79. 'हेपेटाइटिस' किस अंग से संबंधित बीमारी है?**

(a) आँख

(b) लीवर

(c) हृदय

(d) फेफड़ा

**Ans. (b) :** हेपेटाइटिस शब्द का प्रयोग यकृत की सूजन (स्वेलिंग) को व्याख्यायित करने के लिए किया जाता है। यह रोग वायरल संक्रमण या यकृत के अल्कोहल जैसे हानिकारक पदार्थों के संपर्क में आने की वजह से होता है। इससे प्रायः पीलिया, अत्यधिक थकान, अस्वस्थता का खतरा बढ़ जाता है।

**80. निम्नलिखित को सुमेलित करें–**

(A) एपीकल्चर

(i) रेशम उत्पादन

(B) सेरीकल्चर (ii) शहद उत्पादन

(C) पीसीकल्चर (iii) अंगूर उत्पाद

(D) विटीकल्चर (iv) मत्स्य उत्पादन

**कूट**

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | (i) | (ii) | (iii) | (iv) |
| (b) | (ii) | (i) | (iv) | (iii) |
| (c) | (ii) | (i) | (iii) | (iv) |
| (d) | (i) | (ii) | (iv) | (iii) |

**Ans. (b) :**

| | |
|---|---|
| एपीकल्चर | शहद उत्पादन |
| सेरीकल्चर | रेशम उत्पादन |
| पीसीकल्चर | मत्स्य उत्पादन |
| विटीकल्चर | अंगूर उत्पादन |

**81. सूर्य की किरण पृथ्वी पर कितनी देर में आती है?**

(a) 4 मिनट

(b) 7 मिनट, 5 सेकण्ड

(c) 8 मिनट, 5 सेकण्ड

(d) इनमें से कोई नहीं

**Ans. (d) :** सूर्य से पृथ्वी की औसत दूरी लगभग 14.9 करोड़ किमी. है तथा सूर्य के प्रकाश को पृथ्वी तक पहुचने में 8 मिनट 16.6 सेकेण्ड का समय लगता है। इसी प्रकाशीय ऊर्जा से प्रकाश संश्लेषण नामक एक महत्वपूर्ण जैव-रासायनिक अभिक्रिया होती है जो पृथ्वी पर जीवन का आधार हैं। यह पृथ्वी की जलवायु और मौसम को प्रभावित करती हैं।

**82. 'इंद्रधनुष' के सात रंगों के बीच का रंग कौन है?**

(a) बैंगनी

(b) हरा

(c) पीला

(d) नीला

**Ans. (b) :** आकाश में संध्या के समय पूर्व दिशा में तथा प्रातः काल पश्चिम दिशा में, वर्षा के पश्चात लाल, नारंगी, पीला, हरा, आसमानी, नीला तथा बैगनी वर्णो का एक विशालकाय वृत्ताकार

वक्र दिखाई देता है जिसे इंद्रधनुष कहा जाता है। सूर्य की किरणें वर्षा की बूंदों से अपवर्तित तथा परावर्तित होने के कारण इन्द्रधनुष बनाती है इसमें हरा रंग बीच में होता हैं अर्थात् VIBGYOR

**83. कोबाल्ट-60 के किस किरण का प्रयोग कैंसर के निदान में किया जाता है?**

(a) अल्फा रे

(b) गामा रे

(c) रेड रे

(d) इनमें से कोई नहीं

**Ans. (b) :** कोबाल्ट-60 एक रेडियोएक्टिव समस्थानिक है जो उच्च ऊर्जा की गामा किरणें उत्सर्जित करता है, इन गामा किरणों का उपयोग कैंसर के इलाज में किया जाता है।

**84. पानी का घनत्व किस ताप पर अधिकतम होता है?**

(a) $0^0$C पर

(b) $4^0$C पर

(c) $-4^0$C पर

(d) $100^0$C पर

**Ans. (b) :** जल का घनत्व $4^0$C पर अधिकतम होता है। $4^0$C से ऊपर तापमान बढ़ने पर जल का आयतन बढ़ता अर्थात् इसका घनत्व कम होता है। जल एक असाधारण गुणों वाला द्रव है। साधारण तापमान में वृद्धि के साथ पदार्थों के घनत्व में वृद्धि होती है। लेकिन जल एक अपवाद है।

**85. ऊष्मा का सबसे अच्छा चालक है–**

(a) ताँबा

(b) एल्युमीनियम

(c) सोना

(d) चाँदी

**Ans. (d) :** जिन पदार्थों की ऊष्मा चालकता अधिक होती है उनसे होकर समान समय में अधिक ऊष्मा प्रवाहित होती है।ऊष्मा का सबसे अच्छे चालक क्रमशः चाँदी, ताँबा, स्वर्ण, एल्युमिनियम आदि है।

**86. दाँतों में क्या होता है?**

(a) प्रोटीन

(b) कैल्सियम

(c) कार्बोहाइड्रेट

(d) खनिज

**Ans. (b) :** कैल्शियम एक महत्वपूर्ण खनिज है जिसका उपयोग शरीर में दाँतों तथा हड्डियों को मजबूत बनाने में होता है। शरीर का ९९ प्रतिशत से अधिक कैल्शियम दाँतों और हड्डियों में होता है जो कंकाल की संरचना और उसके कार्यों में मदद करता है।

**87. किस विटामिन का संबंध रक्त थक्का से है?**

(a) विटामिन ए

(b) विटामिन सी

(c) विटामिन डी

(d) विटामिन के

**Ans. (d) :** विटामिन K रक्त का थक्का बनाने के लिए और आंतरिक रक्तस्राव, बिलियरी अब्सट्रक्शन, अधिक मासिक धर्म प्रवाह और मासिक धर्म में दर्द को रोकने के लिए एक महत्वपूर्ण विटामिन है। विटामिन A की कमी से रतौंधी, विटामिन C की कमी स्कर्वी रोग एवं विटामिन D की कमी से सूखा रोग होता है।

**88. एक वयस्क के शरीर में रक्त की मात्रा कितनी होती है?**

(a) 3-4 लीटर

(b) 4.-5 लीटर

(c) 5-6 लीटर

(d) 6-7 लीटर

**Ans. (c) :** रक्त एक तरल संयोजी ऊतक है। यह हल्के या गहरे लाल रंग का अपारदर्शी, गाढ़ा, क्षारीय व स्वाद में नमकीन होता है। मनुष्य के शरीर में रक्त की मात्रा शरीर के भार का लगभग 7 से 8% होती है। अतः एक स्वस्थ मनुष्य के शरीर में लगभग 5 से 6 लीटर रक्त तथा स्त्रियों में लगभग 4 से 5 लीटर होता है।

**89. सूर्य की ऊर्जा का स्रोत क्या है?**

(a) संलयन

(b) विखंडन

(c) परावर्तन

(d) प्लवन

**Ans. (a):** बड़ी मात्रा में सौर ऊर्जा का स्रोत हल्के नाभिकों के संलयन के कारण होता है। सूर्य का द्रव्यमान 90% हाइड्रोजन तथा 10% हीलियम का बना है। हाइड्रोजन का नाभिक सूर्य के आंतरिक भाग में एक साथ संलयित होकर हीलियम उत्पन्न करता है और बड़ी मात्रा में ऊर्जा मुक्त होती है।

**90. E.C.G. संबंधित है–**

(a) मस्तिष्क से

(b) किडनी से

(c) हृदय से

(d) इनमें से कोई नहीं

**Ans. (c) :** ई.सी.जी (इलेक्ट्रो कार्डियो ग्राफ) एक ऐसा टेस्ट है, जो हृदय की इलेक्ट्रिक (विद्युत) गतिविधियों को दर्ज करता है। हृदय की प्रत्येक धड़कन एक विद्युत आवेग की वजह से होती है। इस आवेग से हृदय की मांसपेशियाँ संकुचित हो जाती हैं और हृदय से रक्त प्रवाहित करती है।

**91. पुरातन अवशेषों के कालक्रम का निर्धारण किस पद्धति से होता है?**

(a) चालन

(b) $C_{14}$

(c) ऊर्ध्वपातन

(d) इनमें से कोई नहीं

**Ans. (b) :** $C_{14}$ द्वारा कालनिर्धारण की विधि का प्रयोग पुरातत्व-जीवन विज्ञान में जंतुओं एवं पौधों के प्राप्त अवशेषों के आधार पर जीवन काल, समय चक्र का निर्धारण करने में किया जाता है। इसमें $C_{12}$ एवं $C_{14}$ के मध्य अनुपात निकाला जाता है। इसे कार्बन डेटिंग पद्धति कहते हैं।

**92. योग्यतम की उत्तरजीविता (Survival of the fittest) की बात किसने की?**

(a) मेंडल

(b) खुराना

(c) डार्विन

(d) इनमें से कोई नहीं

**Ans. (c) :** डार्विन ने योग्यतम की उत्तरजीविका तथा 1858 में क्रम विकास का सिद्धांत दिया। एच.एम.एस. बीगल (एक जहाज) की यात्रा के बाद डार्विन ने पाया कि बहुत से पौधों और जीवों की प्रजातियों में आपस का संबंध है जिसके द्वारा एक जाति से कई प्रजातियों का निर्माण हुआ।

**93. कम्प्यूटर शब्दावली नहीं है–**

(a) कोर्टरॉन

(b) सी.पी.यू.

(c) मोडेम

(d) क्रायोजेनिक

**Ans. (d) :** कोर्टरॉन, सी.पी.यू., मोडेम कम्प्यूटर शब्दावलियाँ है जबकि क्रायोजेनिक भौतिक शास्त्र में एक इंजन है जिसका संचालन उच्च कुशलता युक्त प्रणोदक के संयोजन, द्रव हाइड्रोजन और द्रव ऑक्सीजन के परिणामस्वरूप होता है। जिसका उपयोग प्रक्षेपास्त्रों में किया जाता हैं।

**94. edu.in.us संबंधित है–**

(a) ग्रीक

(b) मंदी में

(c) शिक्षा से

(d) इनमें कोई नहीं

**Ans. (c) :** edu.in.us शिक्षा से संबंधित है। ये डोमेन नेम है। डोमेन नाम एक नामकरण है जिसके माध्यम से इंटरनेट पर किसी भी वेबसाइट की पहचान सुनिश्चित होती है। यह बताता है कि वेबसाइट का संबंध किस क्षेत्र से है–

| प्रमुख डोमेन | क्षेत्र |
|---|---|
| .com | वाणिज्यिक |
| .org | संगठन |
| .edu | शिक्षा |
| .biz | व्यवसाय |
| .info | सूचना |
| .in | इंडिया |
| .us | अमेरिका |
| .cn | चीन |

**95. 'ENVIRONMENT' शब्द किस भाषा से संबंधित है?**

(a) ग्रीक (b) लैटिन

(c) रोमन (d) देवनागरी

**Ans. (*) :** पर्यावरण शब्द संस्कृत भाषा के 'परि' उपसर्ग (चारों ओर) और 'आवरण' से मिलकर बना है। पारिस्थितिकी और भूगोल में यह शब्द अंग्रेजी के 'ENVIRONMENT' के पर्याय के रूप में इस्तेमाल होता है जिसका उद्भव फ्रांसीसी भाषा से हुआ है, जहाँ यह State of being environed के अर्थ में प्रयुक्त होता था।

**96. निम्नलिखित में से कौन दवा की कम्पनी नहीं है?**

(a) कैडिला

(b) प्रो. काइजर

(c) शेवरॉन

(d) रैनबैक्सी

**Ans. (c) :** कैडिला, प्रो. काइजर, रैनबैक्सी दवा कम्पनी है जबकि शेवरॉन एक अमेरिकी बहुराष्ट्रीय ऊर्जा निगम है। जिसका मुख्यालय सैन रेम कैलिफोर्निया में है तथा 180 से अधिक देशों में सक्रिय है। शेवरॉन हाइड्रोकार्बन अन्वेषण, तेल, प्राकृतिक गैस और भूतापीय ऊर्जा के क्षेत्र में कार्य करती है।

**97. निम्न में से कौन-सी धातु सबसे भारी है?**

(a) सोना

(b) चाँदी

(c) लोहा

(d) ताँबा

**Ans. (b) :** चाँदी आवर्त सारणी का एक तत्व है जिसका प्रतीक Ag तथा परमाणु संख्या 47 है। चाँदी ऊष्मा व विद्युत की सबसे अच्छी सुचालक तथा परमाणु भार 107.87 है। दिए गए विकल्पों में चांदी सबसे भारी है।

**98. उड़ने वाला पक्षी इनमें कौन है?**

(a) कीवी

(b) गोरैया

(c) ऐमू

(d) इनमें से कोई नहीं

**Ans. (b) :** गोरैया एक घरेलू तथा उड़ने वाला पक्षी है जो यूरोप और एशिया में सामान्य रूप से पाया है। कीवी पक्षी न्यूजीलैण्ड का राष्ट्रीय पक्षी है जो उड़ने में असमर्थ होता है तथा एमू आस्ट्रेलिया का राष्ट्रीय पक्षी है, यह भी उड़ने में असमर्थ होता है।

**99. 4G मोबाइल तकनीक किसने प्रारम्भ की?**

(a) जापान

(b) चीन

(c) कोरिया

(d) इनमें से कोई नहीं

**Ans. (b) :** 4G तकनीक की शुरूआत वर्ष 2007-2008 में चीन में हुई जिससे 100mbps से लेकर 1Gbps की गति से डाटा डाउनलोड और अपलोड किया जा सकता है। 2019 में साउथ कोरिया ने 5G तकनीक की शुरूआत की जो पूरी तरह वायरलेस कम्युनिकेशन है।

**100. सिरका में कौन-सा अम्ल पाया जाता है?**

(a) एसिटिक अम्ल

(b) पिक्रिक अम्ल

(c) साइट्रिक अम्ल

(d) फॉर्मिक अम्ल

**Ans. (a) :** एसिटिक अम्ल ($CH_3COOH$) जिसे एथेनोइक अम्ल के नाम से भी जाना जाता है, एक कार्बनिक अम्ल है जिसकी वजह से सिरका में खट्टा स्वाद और तीखी खुशबू आती है। स्वाभाविक किण्वन द्वारा उत्पादित जलमिश्रित एसिटिक अम्ल को सिरका कहा जाता है।

# PRACTICE SET - 1

**1. पाषाण युग में काटने के लिए सामान्यतया प्रयुक्त उपकरण को कहा जाता था–**

(a) कुल्हाड़ी (b) गँडासा
(c) चाकू (d) कैंची

**2. निम्नलिखित गुप्त शासकों में से किसने अश्वमेध यज्ञ संपादित किया?**

(a) चन्द्रगुप्त प्रथम (b) समुद्रगुप्त
(c) चन्द्रगुप्त द्वितीय (d) श्रीगुप्त

**3. 14 वीं शताब्दी में मोरक्को के किस यात्री व इतिहासकार का न्याय व्यवस्थापक के रूप में दिल्ली दरबार में मुहम्मद बिन तुगलक द्वारा स्वागत हुआ ?**

(a) फरिश्ता (b) इब्नबतूता
(c) अल बरूनी (d) अबुल फजल

**4. निम्न में से कौन-से सैंधव स्थल पंजाब में है?**

(a) हड़प्पा, कालीबंगा, रहमान ढेरी और सराय खोला
(b) हड़प्पा, मोहनजोदड़ो, कोटदीजी और सराय खोला
(c) मोहनजोदड़ो, सराय खोला, रहमान ढेरी और कोटदीजी
(d) हड़प्पा, रहमान ढेरी, सरायखोला और जलीलपुर

**5. चीनी जनरल पान चाओ ने किस कुषाण शासक को हराया था?**

(a) कनिष्क (b) सदशाकन
(c) चन्द्रगुप्त I (d) कुजुलकड फिशस

**6. प्राचीन राज्य 'अवंती' की राजधानी थी–**

(a) अयोध्या (b) कौशाम्बी (c) उज्जैन (d) वैशाली

**7. निम्न में से कौन–सा भारत आने वाला पहला अंग्रेज जहाज है?**

(a) एलिजाबेथ (b) बंगाल
(c) रेड ड्रैगन (d) मेफ्लावर

**8. अंग्रेजों को 'सुनहरा फरमान' कब प्रदान किया गया था?**

(a) 1611 ई० में (b) 1632 ई० में
(c) 1717 ई० में (d) 1765 ई० में

**9. ''1857 का स्वतंत्रता संग्राम'' पुस्तक के लेखक कौन हैं?**

(a) कार्ल मार्क्स और एफ. एंगल्स (b) आर. सी. मजूमदार
(c) वी.डी. सावरकर (d) बिपिन चंद्रा

**10. कांग्रेस के किस अधिवेशन में यह संकल्प पारित किया गया कि ''विधि के समक्ष, जाति, वंश या स्त्री-पुरुष का लिहाज किए बिना समानता होनी चाहिए–**

(a) कलकत्ता अधिवेशन, 1906
(b) लखनऊ अधिवेशन, 1916
(c) लाहौर अधिवेशन, 1919
(d) कराँची अधिवेशन, 1931

**11. लघु ज्वार-भाटा कब आता है?**

(a) पूर्णिमा के दिन (b) अमावस्या के दिन
(c) शुक्ल पक्ष सप्तमी के दिन (d) शुक्ल पक्ष नवमी के दिन

**12. निम्नलिखित में से पृथ्वी की पेरिडोटाइड परत है–**

(a) मैन्टल (b) ऊपरी भूपटल
(c) आन्तरिक अन्तरतम (d) बाह्य अन्तरतम

**13. कोयला किस प्रकार का चट्टान है?**

(a) आग्नेय चट्टान (b) कायांतरित चट्टान
(c) रूपांतरण चट्टान (d) अवसादी चट्टान

**14. प्रतिविषुवतीय धाराओं की प्रवाह दिशा होती है-**

(a) उत्तर दक्षिण (b) दक्षिण से उत्तर
(c) पूर्व से पश्चिम (d) पश्चिम से पूर्व

**15. हूवर बाँध किस नदी पर स्थित है?**

(a) कोलम्बिया (b) स्नेक
(c) रियो ग्रान्डे (d) कोलोराडो

**16. निम्नलिखित में से कौन सा भारत के त्रिविवर्तनिक विभाजन का भाग नहीं है?**

(a) प्रायद्वीपीय क्षेत्र
(b) हिमालय और अन्य पर्वतीय श्रेणियाँ
(c) सिंधु-गंगा-ब्रह्मपुत्र मैदान
(d) पश्चिमी और पूर्वी घाट

**17. ''निम्मो बाजगो'' नामक बांध निम्नलिखित में से कौन–सी नदी पर स्थित है?**

(a) सिन्धु (b) कोयना (c) काराकन (d) पेरियार

**18. कृषि उत्पादकों के गुणवत्ता ....... से बताई जाती है।**

(a) एगमार्ग (b) नाफेड
(c) मार्कफेड (d) कम्फेड

**19. महाराष्ट्र राज्य कितने राज्यों से घिरा है?**

(a) 3 (b) 4
(c) 5 (d) 6

**20. झारखण्ड का गठन किस तिथि को हुआ था?**

(a) 1 नवम्बर, 2000 (b) 9 नवम्बर, 2000
(c) 15 नवम्बर, 2000 (d) 1 अप्रैल, 2001

**21. संघीय कार्यपालिका में शामिल नहीं है-**

(a) राष्ट्रपति
(b) प्रधानमंत्री
(c) भारत के महान्यायवादी
(d) भारत के नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक

**22. भारतीय संविधान के किस अनुच्छेद में वस्तु और सेवा कर (GST) का प्रावधान किया गया है?**

(a) अनुच्छेद 279A (b) अनुच्छेद 280
(c) अनुच्छेद 245 (d) अनुच्छेद 281

**23. भारतीय संविधान के निम्नलिखित में किस अनुच्छेद में अल्पसंख्यकों को अपनी रूचि की शिक्षा संस्था को स्थापना और प्रशासन करने का अधिकार है?**

(a) अनुच्छेद 29(1) (b) अनुच्छेद 29(2)
(c) अनुच्छेद 30(1) (d) अनुच्छेद 30(2)

**24. भारतीय संविधान के किस अनुच्छेद में राज्य निर्वाचन आयोग का प्रावधान है?**

(a) अनुच्छेद 243 I (b) अनुच्छेद 243 J
(c) अनुच्छेद 243 K (d) अनुच्छेद 243 M

**25. संविधान की आत्मा क्या है?**

(a) संघीय ढाँचा (b) प्रस्तावना
(c) मौलिक अधिकार (d) राज्य के नीति-निर्देशक तत्त्व

**26. संस्थाएँ और संघ बनाने का अधिकार किस प्रकार का अधिकार है?**

(a) प्रत्येक व्यक्ति के लिए सुनिश्चित अधिकार
(b) केवल नागरिकों के लिए सुनिश्चित स्वतंत्रता का अधिकार
(c) कानून के समक्ष समानता का अधिकार
(d) जीवन और दैहिक स्वतंत्रता का अधिकार

**27. शीर्षक 'स्वतंत्रता का अधिकार' में वर्णित अधिकार सम्मिलित नहीं किया है–**

(a) कुछ मामलों में गिरफ्तारी एवं निरोध से बचाव
(b) भाषण एवं अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता
(c) जीवन एवं वैयक्तिक स्वतंत्रता का बचाव
(d) विवेक की स्वतंत्रता

**28. निम्न में से कौन–सा मौलिक कर्तव्य नहीं है?**

(a) आपसी भाईचारे की भावना को उजागर करना
(b) राष्ट्रीय उद्यानों का संरक्षण करना
(c) वैज्ञानिक संस्कार का विकास करना
(d) भारत की समृद्ध विरासत का संरक्षण करना

**29. डाक संशोधन विधेयक में 'पॉकेट वीटो' का प्रयोग किस राष्ट्रपति ने किया था?**

(a) डॉ. राजेन्द्र प्रसाद (b) ज्ञानी जैल सिंह
(c) शंकर दयाल शर्मा (d) नीलम संजीव रेड्डी

**30. भारत के राष्ट्रपति के चुनाव में निम्नलिखित में किसका विधान नहीं है?**

(a) सभी मतों का समान मूल्य
(b) गुप्त मतदान
(c) एकल संक्रमणीय मत
(d) आनुपातिक प्रतिनिधित्व पद्धति

**31. सरकार द्वारा लगायी गयी रूकावटों व प्रतिबंधों को हटाना कहलाता है-**

(a) वैश्वीकरण (b) निजीकरण
(c) संरक्षण (d) उदारीकरण

**32. जब औसत उत्पाद अधिकतम है, तब एक कारक का सीमांत उत्पाद-**

(a) बढ़ रहा है (b) घट रहा है
(c) औसत उत्पादन के बराबर है (d) शून्य

**33. सार्वजनिक या निजी क्षेत्र वर्गीकरण इस आधार पर किया जाता है:**

(a) कर्मचारियों की सेवा शर्तें (b)कार्यरत व्यक्तियों की संख्या
(c) गतिविधि की प्रकृति (d)स्वामित्व

**34. ''सकल घरेलू उत्पाद'' को किसके सभी के मूल्य के रूप में परिभाषित किया गया है?**

(a) किसी अर्थव्यवस्था में एक वर्ष में उत्पादित अंतिम वस्तुएँ एवं सेवाएँ
(b) किसी अर्थव्यवस्था में एक वर्ष में उत्पादित वस्तुएँ एवं सेवाएँ
(c) किसी अर्थव्यवस्था में एक वर्ष में उत्पादित अंतिम वस्तुएँ
(d) किसी अर्थव्यवस्था में एक वर्ष में उत्पादित वस्तुएँ

**35. राष्ट्रीय एकता परिषद् का गठन कब किया गया?**

(a) 1965 (b) 1959
(c) 1961 (d) 1958

**36. आठवीं योजना की प्रकृति थी–**

(a) केन्द्रीभूत नियंत्रण की (b) दिशा निर्देशन की
(c) ये दोनों ही (d) इनमें से कोई नहीं

**37. रिवर्स रेपो रेट में वृद्धि-**

(a) तरलता बढ़ाती है।
(b) तरलता घटाती है।
(c) तरलता को प्रभावित नहीं करती है।
(d) दीर्घकालीन ब्याज दर तथा स्थायी पूँजी विनियोग को प्रभावित करती है।

**38. राष्ट्रीयकरण से पहले भारतीय स्टेट बैंक का क्या नाम था ?**

(a) इम्पीरियल बैंक ऑफ इण्डिया
(b) कंपनी बैंक ऑफ इण्डिया
(c) बैंक ऑफ मद्रास
(d) बैंक ऑफ बॉम्बे

**39. सही कथन का चयन कीजिए।**

(a) निवेश गुणक, MPC के साथ धनात्मक रूप से संबंधित होता है।
(b) उपभोग फलन की प्रवणता APC द्वारा इंगित की जाती है, न कि MPC द्वारा
(c) MPS शून्य होने पर निवेश गुणक शून्य होता है।
(d) MPC को MPS से गुणा करने पर 1 के बराबर मान प्राप्त होता है।

**40. निम्नलिखित में कौन राजकोषीय नीति का एक घटक नहीं है?**

(a) कराधान नीति (b) सार्वजनिक ऋण नीति
(c) व्यापार नीति (d) सार्वजनिक व्यय नीति

**41. पारिस्थितिकी तंत्र का कौन-सा घटक प्रकृति को साफ बनाए रखने का कार्य करता है?**

(a) उत्पादक (b) उपभोक्ता

(c) अपघटक (d) इनमें से कोई नहीं

**42. जल चक्र में कौन-सी प्रक्रिया सम्मिलित नहीं होती है?**

(a) वर्षण (b) वाष्पीकरण

(c) संघनन (d) संचलन

**43. निम्नलिखित में से कौन-सा स्थल भारत में जैवविविधता तप्तस्थल ( हॉटस्पॉट ) है?**

(a) पश्चिमी हिमालय (b) पूर्वी घाट

(c) मध्य पठार (केन्द्रीय पठार) (d) पश्चिमी घाट

**44. जैव क्षेत्रीय भंडारों की स्थापना का सर्वाधिक महत्वपूर्ण उद्देश्य है–**

(a) प्राणियों की खतरे में पड़ी प्रजातियों का संरक्षण

(b) चीतों और मगरमच्छों का संरक्षण

(c) कुल जैवविविधता का संरक्षण

(d) वन उत्पादों का अनुकूलतम प्रयोग

**45. निम्नलिखित में से कौन-सा उद्योग सर्वाधिक नॉन-बायोडिग्रेडेबल वेस्ट उत्पन्न करता है?**

(a) खाद्य प्रसंस्करण इकाईयाँ (b) कपड़ा मिल

(c) कागज मिल/पेपर/मिल (d) थर्मल पॉवर प्लान्ट

**46. वह इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस जो डाटा को स्वीकार कर सकती है, डाटा प्रोसेस करती है तथा आउटपुट उत्पन्न करती है और परिणामों को भविष्य में प्रयोग के लिए स्टोर करती है, कहलाती है-**

(a) इनपुट (b) कम्प्यूटर

(c) सॉफ्टवेयर (d) हार्डवेयर

**47. ...............कम्प्यूटर सॉफ्टवेयर का एक उदाहरण है-**

(a) सी. पी. यू. (b) कम्पैक्ट डिस्क

(c) मॉनीटर (d) माइक्रोसॉफ्ट-ऑफिस

**48. हाल ही में निम्नलिखित में से किस कंपनी ने अपने जेमिनी आर्टिफीशियल इंटेलीजेंस सूट ''जेमिनी एक्सपी 1206 और जेमिनी 2.0 फ्लैश'' में 2 प्रायोगिक अपग्रेड पेश किए हैं ?**

(a) माइक्रोसॉफ्ट (b) गूगल

(c) एनवीडिया (d) आईबीएम

**49. भारतीय चुनाव आयोग के आंकड़ों के अनुसार लोकसभा चुनाव 2024 में सर्वाधिक मतदान (92.3%) हुआ–**

(a) श्रीपेरंबदूर, तमिलनाडु

(b) धुबरी, असम

(c) श्रीनगर

(d) बालासोर, ओडिशा

**50. हाल ही में निम्नलिखित में से किसे बहरीन के दक्षता पदक ( प्रथम श्रेणी ) से सम्मानित किया गया ?**

(a) नरेश त्रेहन

(b) प्रताप चन्द्र रेड्डी

(c) डॉ. रवि पिल्लई

(d) डॉ. राजू वैश्य

**51. यदि 10 N और 5 N के दो बल एक वस्तु पर एक ही दिशा में लगाये जाते हैं, तो वस्तु पर कार्यरत कुल बल कितना होगा?**

(a) 10 N (b) 25 N

(c) 15 N (d) 50 N

**52. हुक के नियमानुसार कम विरूपण के लिए :**

(a) प्रतिबल = 1/विकृति (b) प्रतिबल = विकृति

(c) प्रतिबल = 1/विकृति$^2$ (d) प्रतिबल = विकृति$^2$

**53. 'शब्द इन्सोलेशन' ( आतपन ) का अर्थ है–**

(a) ऊष्मारोधी सामग्रियाँ (b) आने वाली सौर विकिरण

(c) अविलेय सामग्रियाँ (d) उपर्युक्त में से कोई भी नहीं

**54. वायु में ध्वनि तरंगे विचरण करती हैं :**

(a) विद्युत चुम्बकीय तरंगों के रूप में

(b) अनुप्रस्थ तरंगों के रूप में

(c) अनुप्रस्थ व अनुदैर्ध्य दोनों प्रकार की तरंगों के रूप में

(d) केवल अनुदैर्ध्य तरंगों के रूप में

**55. जब ध्वनि तरंगें चलती हैं तो ये अपने साथ ले जाती हैं–**

(a) द्रव्यमान (b) ध्वनि

(c) ऊर्जा (d) विभवान्तर

**56. एक इलेक्ट्रॉन एवं प्रोटॉन की डी-ब्रोगली तरंगदैर्ध्य समान है। किसका वेग अधिक होगा ?**

(a) इलेक्ट्रॉन का

(b) प्रोटॉन का

(c) इलेक्ट्रॉन एवं प्रोटॉन दोनों का

(d) मालूम नहीं किया जा सकता

**57. एक श्रेणीक्रम LCR परिपथ के लिए निम्न में से कौन-कथन गलत है?**

(a) अनुनाद पर $X_L = X_C$

(b) अनुनाद पर परिपथ की प्रतिबाधा अधिकतम होती है

(c) अनुनाद पर आवृति होती है $\frac{1}{2\sqrt{LC}}$

(d) अनुनाद पर धारा आयाम अधिकतम होता है

**58. प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के अंतर्गत पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय द्वारा आयोजित LPG पंचायत की मेजबानी किसके द्वारा की गयी?**

(a) नरेन्द्र मोदी (b) रामनाथ कोविंद

(c) मनमोहन सिंह (d) मनोहर पर्रिकर

**59. पृथ्वी में उपलब्ध सबसे कठोरतम पदार्थ है–**

(a) प्लैटिनम (b) हीरा (c) स्फटिक (d) सोना

60. **भारी जल का अणुभार है–**
(a) 20 (b) 22 (c) 18 (d) 19

61. **निम्नलिखित में से कौन धातु नहीं है?**
(a) कॉपर (b) आयरन (c) मर्करी (d) सल्फर

62. **निम्न में से किसका आकार न्यूनतम है?**
(a) $N^{3-}$ (b) $O^{2-}$ (c) $F^{-}$ (d) $Na^{+}$

63. **हीलियम और आर्गन में क्या समानता है?**
(a) दोनों तत्व द्रव धातु हैं।
(b) दोनों धातुओं का प्रयोग गुब्बारों में किया जाता है।
(c) दोनों में उच्च विसरण दर होती है।
(d) दोनों का बाह्यतम कोश पूर्णतः भरा होता है।

64. **β -क्षय परिणाम हैः**
(a) दुर्बल नाभिकीय बल का (b) विद्युत-चुम्बकीय बल का
(c) गुरुत्वाकर्षण बल का (d) प्रबल नाभिकीय बल का

65. **ग्रेफाइट में कार्बन के परमाणु एक दूसरे से निम्नलिखित बंधों में से किसके द्वारा जुड़े होते हैं?**
(a) आयनिक बंध (b) हाइड्रोजन बंध
(c) सहसंयोजी बंध (d) वाण्डरवाल बंध

66. **जठर रस का pH मान क्या होता है?**
(a) 2 (b) 5
(c) 7 (d) 6

67. **एग्रोस्टोलॉजी (Agrostology) के अन्तर्गत किसका अध्ययन किया जाता है ?**
(a) कृषि विज्ञान (b) पादप
(c) घास (d) निमेटोड्स

68. **निम्नलिखित में से कौन सी संरचना प्रोकैरियोटिक कोशिका में नहीं पायी जाती है?**
(a) राइबोसोम (b) कोशिका झिल्ली
(c) केन्द्रक झिल्ली (d) कोशिका भित्ति

69. **निम्नलिखित में से कौन-सा एक प्रोटीन नहीं है?**
(a) कोलेजन (b) इलास्टीन
(c) रेशम (d) लिम्फोसाइट

70. **प्रजातियों के विकास के प्राकृतिक चयन का सिद्धान्त दिया था**
(a) मेंडल ने (b) डार्विन ने
(c) लैमार्क ने (d) वीज़मान ने

71. **निम्न में से किस वर्ग के जन्तुओं का प्रगुहा ( सीलोम ) रक्त से भरा हुआ होता है?**
(a) आर्थ्रोपोडा (b) एनिलिडा
(c) निमेटोडा (d) एकाइनोडर्मेटा

72. **अपच में उपचार के लिए निम्न में से किस प्रकार की दवाओं का उपयोग किया जाता है?**
(a) दर्दनाशक (b) अम्लत्वनाशक
(c) रोगाणुरोधक (d) प्रतिजैविक

73. **बोमेन संपुट किस तंत्र का भाग है?**
(a) उत्सर्जन तंत्र (b) पाचन तंत्र
(c) श्वसन तंत्र (d) प्रजनन तंत्र

74. **पेशीय ऊतक की उत्पत्ति होती है–**
(a) एक्टोडर्म कोशा से
(b) एण्डोडर्म कोशा से
(c) मीजोडर्म कोशा से
(d) उपर्युक्त तीनों प्रकार की कोशाओं से

75. **हाल ही में, आर्सेनिक औषधि का किसके उपचार के लिए मुख्यतया उपयोग किया गया है?**
(a) एड्स (b) टाइफॉइड (c) कैंसर (d) कोलेरा

76. **यदि** $x + \frac{1}{x} = 2$ **तो** $x^2 + \frac{1}{x^2} = ?$
(a) 2 (b) 4 (c) 2 (d) 4

77. **अगर** $\sec = \frac{13}{5}$ **हो, तो** $\frac{10\tan\theta + 24\operatorname{cosec}\theta}{39\sin\theta - 10\sec\theta}$ **का मान क्या होगा?**
(a) 2 (b) $\frac{1}{5}$ (c) 3 (d) 5

78. **एक समतल जमीन पर एक बिन्दु P से एक मीनार के शीर्ष का उन्नयन कोण $30^0$ है। यदि मीनार की ऊँचाई 100 मी. है, तो मीनार के पाद से बिन्दु P की दूरी है**
(a) $100\sqrt{3}$ मी. (b) $\frac{100}{\sqrt{3}}$ मी.
(c) $\frac{50}{\sqrt{3}}$ मी. (d) $50\sqrt{3}$ मी.

79. **वृत्त की त्रिज्या में 3% की वृद्धि हुई तो उसके क्षेत्रफल में वृद्धि का प्रतिशत क्या है?**
(a) 6.11% (b) 6.09%
(c) 5.09% (d) 7.09%

80. **k के किस मान के लिए रेखा y = 2x + k, परवलय $y^2 = 8x$ को स्पर्श करता है–**
(a) k = 1 (b) k = – 1
(c) k $\frac{1}{2}$ (d) k = 2

81. **एक आयत का क्षेत्रफल निकालने का सूत्र है -**
(a) $2(l + b)$ (b) $2l \times b$
(c) $lb(l + b)$ (d) $l \times b$

82. **6 सेमी किनारे वाले एक घन की विपरीत फलकों को काले, लाल एवं हरे रंग से रंगा जाता है और 1 सेमी के घनों में काटा जाता है तब उन घनों की संख्या जिसकी केवल एक फलक रंगीन है जो कि लाल है, है-**
(a) 72 (b) 36 (c) 32 (d) 16

**83.** $\sqrt{\frac{25.60}{72.90}} + \sqrt{\frac{0.10}{8.10}} = ?$

(a) $\frac{27}{30}$ (b) $\frac{27}{20}$ (c) $\frac{19}{27}$ (d) $\frac{27}{28}$

**84.** **निम्न में से सबसे बड़ी भिन्न कौन-सी है?**

$4\frac{5}{6}, 6\frac{7}{9}, 7\frac{8}{9}, 7\frac{7}{10}$

(a) $6\frac{7}{9}$ (b) $7\frac{8}{9}$ (c) $7\frac{7}{10}$ (d) $4\frac{5}{6}$

**85.** **वह सबसे छोटी संख्या बताइए जिसे 25, 40 और 56 से भाग देने पर शेषफल प्रत्येक मामले में 13 हो।**

(a) 1400 (b) 1439 (c) 1426 (d) 1413

**86.** **रोहित के पिछले 15 मैचों में औसत स्कोर 54 है। अखिरी मैच के बाद उसका औसत एक कम हो जाता है तो मैच में रोहित का स्कोर क्या था?**

(a) 34 रन (b) 38 रन (c) 42 रन (d) 30 रन

**87.** **राजीव और अभय ने एक व्यापार में निवेश किया। लाभ को 2:3 में विभाजित किया गया। लाभ को निवेश के अनुरूप विभाजित किया है। यदि राजीव ने ₹ 40,000 निवेश किये तो अभय के द्वारा निवेश की गई राशि है :**

(a) ₹ 40,000 (b) ₹ 50,000
(c) ₹ 60,000 (d) ₹ 70,000

**88.** **एक वस्तु का अंकित मूल्य इसके लागत मूल्य से 28% अधिक है। अगर दुकानदार 25% की छूट (बट्टा) देता है, तो लाभ अथवा हानि का प्रतिशत ज्ञात करें।**

(a) हानिः 5% (b) लाभः 5%
(c) लाभः 4% (d) हानिः 4%

**89.** **₹ 3100 के 6 अधिमूल्य पर 7.5 स्टॉक का मूल्य है-**

(a) ₹ 2914 (b) ₹ 2867.5
(c) ₹ 3286 (d) ₹ 3332.5

**90.** **₹ 6400 क़ा 6% प्रतिवर्ष की दर से 11 फरवरी से 7 जुलाई 2022 तक साधारण ब्याज क्या होगा?**

(a) ₹ 153.6 (b) ₹ 163.8
(c) ₹ 168.4 (d) ₹ 172.5

**91.** **₹ 1,000 की राशि पर 10% प्रति वर्ष की दर से साधारण और चक्रवृद्धि ब्याज के बीच 4 वर्ष के बाद अन्तर है-**

(a) ₹ 74.10 (b) ₹ 40.40
(c) ₹ 54.40 (d) ₹ 64.10

**92.** **60% सांद्रता वाले 40 लीटर अम्ल घोल को 80% सांद्रता वाले 35 लीटर अम्ल घोल में मिलाया जाता है। नए घोल में अम्ल की सांद्रता कितनी होगी?**

(a) 69% (b) $66\frac{2}{3}\%$

(c) $69\frac{1}{3}\%$ (d) 66%

**93.** **यदि 35 व्यक्ति किसी कार्य को 6 दिन में कर सकते हैं तो 15 व्यक्ति उसी कार्य को कितने दिनों में कर सकते हैं?**

(a) 18 (b) 12 (c) 14 (d) 16

**94.** **एक खाली टैंक को A 6 घंटे में तथा B 8 घंटे में भरता है। यदि दोनों पाइप एक साथ खोल दिए जाए और दो घंटे बाद A पाइप बंद हो जाता है तो पाइप B को शेष टैंक को भरने में कितना समय लगेगा?**

(a) $2\frac{1}{2}$ घंटे (b) $3\frac{1}{3}$ घंटे

(c) $4\frac{2}{3}$ घंटे (d) $5\frac{1}{2}$ घंटे

**95.** **960 मीटर लम्बी एक ट्रेन 360 किमी/घण्टे की चाल में चल रही है। वह समान दिशा में 76 मीटर/सेकेण्ड की चाल से दौड़ रहे व्यक्ति को कितने समय में पार करेगी?**

(a) 30 सेकंड (b) 25 सेकंड
(c) 15 सेकंड (d) 40 सेकंड

**96.** **दो रेलगाड़ियाँ समान चाल से विपरीत दिशाओं में चल रही है। यदि प्रत्येक रेलगाड़ी की लंबाई 120 मीटर है, और वे एक-दूसरे को 12 सेकंड में पार करती है,तो प्रत्येक रेलगाड़ी की चाल ज्ञात करें।**

(a) 72किमी/घंटा (b) 10 किमी/घंटा
(c) 18 किमी/घंटा (d) 36 किमी/घंटा


**97.** **एक 240 मीटर लम्बी ट्रेन 160 मीटर लम्बे पुल से 20 सेकण्ड में गुजर जाती है, तो ट्रेन की गति क्या है?**

(a) 72 किमी./घंटा (b) 62 किमी./घंटा
(c) 52 किमी./घंटा (d) 44 किमी./घंटा

**98.** **इस समय राजीव की आयु और मुकेश की आयु का अन्तर 6 वर्ष है। 4 वर्ष बाद, दोनों की आयु का अनुपात 3 : 4 होगा। मुकेश की वर्तमान आयु क्या है?**

(a) 15 वर्ष (b) 18 वर्ष
(c) 20 वर्ष (d) 24 वर्ष

**99.** **निम्न चार्ट भारत में मोबाइल निर्माता कंपनियों के बारे में जानकारी देता है।**




**यदि कंपनियों द्वारा निर्माण किये गए मोबाइल फोनों की कुल संख्या 12,40,000 है, तो कंपनी XYZ द्वारा कितने मोबाइल निर्मित किये गए?**

(a) 1,48,800 (b) 7,200
(c) 28,800 (d) 57,600

**100.** निम्न तालिका दिए गए वर्षों के दौरान पांच अलग अलग राज्यों से एक केंद्रीय विश्वविद्यालय की एम.फिल. की प्रवेश परीक्षा में चयनित होने वाले छात्रों की संख्या के आंकड़े दर्शाती है। तालिका का अध्ययन कीजिए, और उसके आधार पर पूछे गए प्रश्न का उत्तर दीजिए।

| राज्य / वर्ष | कश्मीर | बिहार | मध्य प्रदेश | पंजाब | दिल्ली |
|---|---|---|---|---|---|
| 2017 | 300 | 440 | 250 | 350 | 280 |
| 2018 | 400 | 400 | 280 | 400 | 320 |
| 2019 | 450 | 350 | 240 | 260 | 260 |
| 2020 | 500 | 380 | 400 | 320 | 400 |
| 2021 | 430 | 420 | 540 | 280 | 350 |

2020 में बिहार से चयनित होने वाले छात्रों की संख्या, दिए गए सभी वर्षों में दिल्ली से चयनित छात्रों की कुल संख्या के लगभग कितने प्रतिशत के बराबर है?

(a) 20.5% (b) 23.6%
(c) 15.5% (d) 15.0%

**101.** उस विकल्प का चयन करें जो तीसरे शब्द से वही संबंध रखता है, जो पहला शब्द दूसरे शब्द से रखता है।

प्रसन्नता : दुःख :: वैषम्य : ?

(a) प्रतिस्पर्धा (b) समरसता
(c) युद्ध (d) गुस्सा

**102.** उस विकल्प का चयन करें जिसका तीसरे शब्द से वही संबंध है, जैसा कि दूसरे शब्द का पहले शब्द से है।

**Talk : Chat : : Pour : ?**

(a) Dispense (b) Fall
(c) Drop (d) Drown

**103.** उस विकल्प का चयन कीजिए, जिसका पांचवीं संख्या से वही संबंध है, जो दूसरी संख्या का पहली संख्या से है, और चौथी संख्या का तीसरी संख्या से है।

**13 : 234 :: 9 : 126 :: 7 :?**

(a) 106 (b) 98
(c) 84 (d) 126

**104.** एक निश्चित कूट भाषा में, 'AVOID' को '85395' और 'MULTI' को '56679' लिखा जाता है। उसी कूट भाषा में 'EVENT' को किस प्रकार लिखा जाएगा?

(a) 45744 (b) 45747
(c) 47544 (d) 45447

**105.** एक निश्चित कूट भाषा में, THRICE' को TRIHEC लिखा जाता है। उसी कूट भाषा में 'SECTOR' को 'TSROEC' लिखा जाता है। उसी कूट भाषा में 'JOYFUL' को किस प्रकार लिखा जाएगा?

(a) YUOLFJ (b) YULOJF
(c) UYOLJF (d) YUOLJF

**106.** एक विशिष्ट भाषा में:

'Stairs going up'का अर्थ QEW ADS ZCX है

'How many stairs' का अर्थ PIO LJK ADS है

'He is going' का अर्थ QEW RYT FHG है

दिए गए विकल्पों में से किसका अर्थ 'up' है ?

(a) QEW (b) ZCX
(c) ADS (d) LJK

**107.** निम्नलिखित चार सामाग्रियों में से तीन किसी दृष्टि से एक समान है और एक असंगत है। असंगत का चयन करें।


(a) चाँदी (b) सोना
(c) पीतल (d) एल्युमीनियम



**108.** निम्न में से विषम को चुनें।



| A | B | C | D |
|---|---|---|---|
| I3 | L4 | O7 | R6 |

(a) C (b) B
(c) A (d) D

**109.** नीचे '?' के स्थान पर कौन-सा चित्र आएगा ?




(a)  (b) 

(c)  (d) 

**110.** उस संख्या का चयन कीजिए, जो दी गई श्रेणी में प्रश्न चिह्न ( ? ) के स्थान पर आएगी।

**4 8 35 51 176 ?**

(a) 226 (b) 212
(c) 208 (d) 234

**111.** उस विकल्प का चयन कीजिए, जिसमें दिए गए अक्षरों को समान क्रम में बाएं से दाएं की ओर नीचे दी गई अक्षर श्रृंखला के रिक्त स्थानों में भरने पर श्रृंखला पूर्ण हो जाएगी।

**Q W – R – X E – Q – E R Q Z E –**

(a) EQZYR (b) EQRYR
(c) EQRER (d) EQRYE

**112.** उस पद का चयन करें, जो प्रश्नचिह्न (?) के स्थान पर आ सकता है।

**7Y7, 14X9, 23W11, 34V13, 47U15, ?, 79S19**

(a) 64R15 (b) 60T19
(c) 64Q17 (d) 62T17

**113. दिए गए प्रत्येक संख्या-समूह में, = ( बराबर चिह्न ) के दाईं ओर मौजूद संख्या = ( बराबर चिह्न ) के बाईं ओर मौजूद तीन संख्याओं पर कुछ गणितीय संक्रियाएं करके प्राप्त की जाती है। तीनों संख्या-समूहों में समान संक्रियाओं का पालन किया जाता है। दिए गए विकल्पों में से उस संख्या का चयन कीजिए, जो तीसरे संख्या-समूह में प्रश्न चिह्न (?) के स्थान पर आ सकती है।**

**21 , 9, 40 = 149**

**18, 7, 25 = 101**

**15, 11, 30 = ?**

(a) 110 (b) 135

(c) 125 (d) 120

**114. नीचे दी गई आकृति में प्रश्नवाचक चिह्न के स्थान पर निम्नलिखित में से कौन–सा अंक आएगा ?**

| | | |
|---|---|---|
| 2 | 4 | 0 |
| 1 | 2 | 4 |
| 3 | 1 | 3 |
| 36 | ? | 91 |

(a) 25 (b) 59

(c) 48 (d) 73

**115. निम्न विकल्पों में से प्रश्नवाचक चिह्न के स्थान पर क्या आएगा ?**

| | | |
|---|---|---|
| $B_3$ | $D_3$ | $F_6$ |
| $H_5$ | $J_6$ | ? |
| $N_7$ | $P_9$ | $R_{16}$ |

(a) $K_{11}$ (b) $L_{11}$

(c) $K_{10}$ (d) $L_{10}$

**116. शीला प्रातःकाल सूर्य की ओर मुख करके खड़ी थी। उसने प्रातःकाल के सूर्य की ओर चलना शुरू किया, और अपने दाएं मुड़ी, फिर कुछ मिनट चली, और फिर बाएं मुड़ी और 3m चलकर रूक गई। अब शीला का मुख किस दिशा में है?**

**( सभी मोड़ केवल 90 डिग्री वाले मोड़ हैं )**

(a) पश्चिम (b) उत्तर

(c) दक्षिण (d) पूर्व

**117. निशा प्रतिदिन खेल के मैदान में बैडमिंटन खेलने जाती है। खेल का मैदान, उसके घर से दक्षिण दिशा में है। खेल के मैदान से, वह अपनी सहेली सुमन के घर जाती है, जो खेल के मैदान से पश्चिम दिशा में है। सुमन के घर से, निशा और सुमन दोनों बाजार जाती है। बाजार, सुमन के घर से पश्चिम दिशा में है। खेल के मैदान से निशा के घर की दिशा क्या होगी?**

(a) पश्चिम (b) पूर्व

(c) दक्षिण (d) उत्तर

**118. श्री X, A बिंदु से आरंभ हुई मैराथन में दौड़ते है, वह उत्तर की तरफ 5 km की दूरी तक दौड़ते हैं और बिंदु B तक पहुंचते हैं, फिर दाएं मुड़कर 6 km पर बिंदु C तक पहुंचते हैं, फिर दाएं मुड़कर 8 km की दूरी तय करते हैं और बिंदु D तक पहुंच जाते हैं, फिर दाएं मुड़कर 10 km पर बिंदु E तक पहुंच जाते हैं, फिर दाएं मुड़कर दौड़ते 6 km हैं और बिंदु F तक पहुंच जाते हैं, फिर दाएं मुड़कर 1 km तक दौड़ते हैं और बिंदु G तक पहुंच जाते हैं, फिर दाएं मुड़कर 3 km तक दौड़ते हैं और बिंदु H तक पहुंच जाते हैं। बिंदु D और A के बीच सबसे कम दूरी कितनी है?**

(a) $3\sqrt{5}$km (b) $2\sqrt{5}$km

(c) 5km (d) $\sqrt{5}$km

**119. रूबी और जूही बहनें हैं। कृष्णा जूही के पिता के पिता हैं। रेशमा अरविंद की मां है। अरविंद, रोहित के पिता हैं, जो रूबी का इकलौता भाई है। कृष्णा का रोहित से क्या संबंध है ?**

(a) दादा/पिता के पिता (b) मामा/मां का भाई

(c) नाना/मां के पिता (d) पिता

**120. अरूण, चित्रा का पिता है तथा दिनेश, बवाना का लड़का है। मनीष, अरूण का भाई है। यदि चित्रा, दिनेश की बहन है। तो बवाना का मनीष से क्या संबंध है?**

(a) बेटी (b) बहन

(c) सास (d) भाभी (साली)

**121. यदि**

**'A # B' का अर्थ है – 'A, B का पिता है',**

**'A $ B' का अर्थ है - 'A, B की मां है',**

**'A @ B' का अर्थ है - 'A, B का पति है',**

**'A % B' का अर्थ है - 'A, B की पत्नी है',**

**'A = B' का अर्थ है - 'A, B का भाई है',**

**तो निम्नलिखित व्यंजक के अनुसार P का V से संबंध है?**

**P @ Q $ U = R % S # V**

(a) दादा (b) नाना

(c) चाचा/पिता का भाई (d) मामा/मां का भाई

**122. यदि Q का अर्थ '+' है, J का अर्थ '×' है, T का अर्थ '–' है, और K का अर्थ '÷' है, तो 52 K 4 Q 6 J 12 T 8 का मान ज्ञात कीजिए।**

(a) 45 (b) 83

(c) 68 (d) 77

**123. यदि '+' का अर्थ '×' है, '–' का अर्थ '÷' है, '×' का अर्थ '–' है, और '÷' का अर्थ '+' है, तो निम्नलिखित में से कौन सा समीकरण सही है?**

(a) $8 \div 2 \times 6 + 8 - 4 = 2$

(b) $8 + 6 \div 12 \times 4 - 2 = 58$

(c) $12 - 4 \times 2 \div 5 + 4 = 25$


(d) $7 \times 9 \div 6 - 3 + 2 = 6$

124. दिए गए समीकरण में किन दो संख्याओं के स्थान परस्पर बदल देने पर समीकरण संतुलित हो जाएगा?

**9 + 7 – (6   3 – 4) × 8 = 31**

(a) 6 और 7 (b) 9 और 7
(c) 8 और 7 (d) 4 और 7


125. उस विकल्प का चयन करें जो दिए गए वेन आरेख द्वारा सर्वोत्तम ढंग से निरूपित होता है।






(a) डॉक्टर, आदमी, छात्र
(b) सोना, चाँदी, आभूषण
(c) मेज, कुर्सी, फर्नीचर
(d) परिवार, माता-पिता, बच्चे


126. कौन-सा वेन आरेख निम्न के बीच के संबंध को सही तरह से दर्शाता है?

**A.** बटन **B.** पेन
**C.** कमीज

(a) 



(b) 



(c) 



(d) 



127. उस आकृति का चयन करें, जो निम्नलिखित श्रेणियों के बीच के संबंध को सर्वोत्तम ढंग से निरूपित करती हो।

फार्मासिस्ट, पेशेवर, आर्किटेक्ट, बढ़ई


(a) 

(b) 

(c) 


(d) 

128. दिए गए चित्र में, वृत्त चिकित्सकों को निरूपित करता है, त्रिभुज अभिनेताओं को निरूपित करता है और पंचभुज सज्जनों को निरूपित करता है। निम्न में से कौन से प्रतीक उन सज्जनों को निरूपित करते है, जो 'अभिनेता' भी है?




(a) * ^ (b) ^ #
(c) ^ # * (d) ^


129. दिए गए आरेख का ध्यानपूर्वक अध्ययन कीजिए, और पूछे गए प्रश्न का उत्तर दीजिए। विभिन्न भागों में दी गई संख्याएं वस्तुओं की संख्या को दर्शाती हैं।




ऐसे कितने बैरल (barrels) हैं, जो केवल जग (Jugs) हैं?

(a) 1 (b) 4
(c) 5 (d) 6

130. दिए गए आरेख में त्रिभुज शिक्षकों को, आयत राजनेताओं को और वृत्त सामाजिक कार्यकर्ताओं को दर्शाता है। इस आरेख के अनुसार कौन सी संख्या उन शिक्षकों को दर्शाती है, जो सामाजिक कार्यकर्ता भी हैं, किन्तु राजनेता नहीं हैं।




(a) 6 (b) 7
(c) 5 (d) 2

**131.** छः सहेलियां - ऋचा, शोभना, उर्मिला, स्वर्णा, पूर्णिमा और काव्या, किसी पार्क में एक बेंच पर बैठी हैं. उन सभी के मुख दक्षिण की ओर हैं। पूर्णिमा और ऋचा के बीच केवल चार सहेलियां बैठी हैं. स्वर्णा, पूर्णिमा के बाईं ओर तीसरे स्थान पर बैठी है ऋचा और स्वर्णा, दोनों काव्या के ठीक बगल में बैठी हैं। पूर्णिमा और शोभना दोनों उर्मिला के ठीक बगल में बैठी हैं। निम्न में से कौन उर्मिला के बाईं ओर चौथे स्थान पर बैठी है?

(a) काव्या (b) शोभना
(c) ऋचा (d) स्वर्णा

**132.** दी गई जानकारी का ध्यानपूर्वक अध्ययन करें और पूछे गये प्रश्न का उत्तर दें।

एक स्कूल पार्टी में, छः लड़कियाँ एक वृत्ताकार व्यवस्था में केन्द्र की ओर मुख करके बैठी हैं। प्रगति, कीर्ति के बाईं ओर ठीक बगल में बैठी है। काव्या, प्रगति और वैशाली दोनों के ठीक बगल में बैठी है। मेघना, कीर्ति और वसंता दोनों के ठीक बगल में बैठी है।

वैशाली के बाईं ओर ठीक बगल में कौन बैठी है?

(a) मेघना (b) वसंता
(c) प्रगति (d) काव्या

**133.** निम्न अक्षर, प्रतीक शृंखला के आधार पर पूछे गए प्रश्न का उत्तर दीजिए।

**L J + K – Y % T # U P**

यदि उपर्युक्त शृंखला से सभी प्रतीकों को हटा दिया जाए, तो इस प्रकार बनी नई शृंखला में कौन-सा अक्षर ठीक बीच में आएगा?

(a) J (b) K
(c) T (d) Y

**134.** सात डिब्बों - P,Q,R,S,T,U और V को एक के ऊपर एक रखा गया है, किन्तु उनका इसी क्रम में होना अनिवार्य नहीं है। R के नीचे केवल तीन डिब्बे रखे गए हैं। S, Q के ठीक नीचे है। V, T के ठीक नीचें है। P, Q के ठीक ऊपर है। S ऊपर से तीसरा डिब्बा है। T, R के ठीक नीचे नहीं है। नीचे से तीसरा डिब्बा कौन-सा है?

(a) R (b) T
(c) S (d) U

**135.** यदि आज सोमवार 22 जनवरी 2020 है, तो आज से 100 दिन बाद कौन-सी तिथि और दिन होगा?

(a) 2 मई 2020, बुधवार (b) 1 मई 2020, बुधवार
(c) 3 मई 2020, गुरुवार (d) 1 मई 2020 सोमवार

**136.** यदि किसी दिए गए वर्ष में 10 मई को सोमवार था, तो उसी वर्ष में 11 जुलाई को सप्ताह का कौन-सा दिन होगा?

(a) रविवार (b) गुरूवार
(c) मंगलवार (d) सोमवार

**137.** अरुण ने विजय को एक घड़ी उपहार में दी, जो हर 3 मिनट में 5 सेकेण्ड आगे बढ़ जाती है। उसे सुबह 7 बजे ठीक सेट किया गया था। उसी दिन दोपहर घड़ी में सवा चार बज रहे थे। सही समय ज्ञात करें?


(a) 4 बजे अपराहन
(b) 03:11 अपराहन से 587 मिनट अधिक
(c) 3:12 अपराहन से 597 मिनट अधिक
(d) 04:11 अपराहन से 23 मिनट अधिक

**138.** दर्पण में देखने पर घड़ी में 8:30 का समय दिखता है। उस समय वास्तविक समय क्या है?


(a) 3:30 (b) 1:30
(c) 7:30 (d) 4:30

**139.** विकल्प आकृति में दी गई आकृतियों में से कौन-सी आकृति प्रश्न आकृति बनाने के लिए संयुक्त की गई है?

**प्रश्न आकृति :**



**विकल्प आकृति:**





(a) A, B और D (b) केवल A और D
(c) केवल B (d) केवल B और C

**140.** दिए गए विकल्पों से, निम्न चित्र के घुमाए गए रूप का चयन करें।

**चित्र**



**विकल्प**




A B C D


(a) D (b) B
(c) C (d) A

**141.** निम्नलिखित में से कौन-सी विकल्प आकृति प्रश्न आकृति के निकटतम सदृश है?

**प्रश्न आकृति :**




उत्तर आकृति:





(a) D (b) C
(c) B (d) A

**142. कौन-सी विकल्प आकृति प्रश्न आकृति से निकटतम समानता रखती हैं ?**

**प्रश्न आकृति :**



**विकल्प आकृतियां :**




(a) B (b) C
(c) A (d) D


**143. नीचे दिए गए शब्दों को उसी क्रम में व्यवस्थित कीजिए, जिसमें वे अंग्रेजी शब्दकोष में आते हैं:**

**1. Precede** **2. Precision**
**3. Precise** **4. Precept**
**5. Preach** **6. Prelude**

**सही क्रम है**


(a) 5, 3, 1, 4, 2, 6 (b) 5, 1, 4, 3, 2, 6
(c) 5, 1, 3, 4, 2, 6 (d) 5, 1, 4, 2, 3, 6

**144. नीचे दी गई आकृति में त्रिभुजों की संख्या ज्ञात कीजिए।**




(a) 29 (b) 32
(c) 31 (d) 30

**145. नीचे दिए गए चित्र में कितने त्रिकोण मौजूद हैं?**




(a) 27 (b) 34
(c) 31 (d) 26

**146. निम्न आकृति में वर्गों की संख्या कितनी है?**



(a) 9 (b) 12
(c) 8 (d) 10

**147. निम्नांकित आरेख में वर्ग छात्रों को निरूपित करता है, वृत्त मेहनती लोगों को निरूपित करता है और त्रिभुज शहरी लोगों को निरूपित करता है। उस क्षेत्र का पता लगाएं, जो उन मेहनती छात्रों को निरूपित करता है, जो शहरी नहीं हैं।**







(a) D (b) A
(c) C (d) B

**148. उस वेन आरेख का चयन करें, जो दिए गए वर्गों के समुच्चय के बीच के संबंध को सर्वोत्तम ढंग से निरूपित करता है।**

**पत्रिकाएं, मूवीज,**

**पुस्तकें**

(a) 
(b) 
(c) 
(d) 


**149.** **नीचे दिए गए कथनों पर विचार कीजिए, और सही उत्तर का चयन कीजिए।**

**कथन-I: pH में p जर्मन भाषा में ' पोटेंज़ (potenz)' को निरुपित करता है, जिसका अर्थ शक्ति है।**

**कथन-II: pH पैमाने ( स्केल ) पर, हम सामान्यतः 0 से 16 तक pH माप सकते हैं।**

(a) कथन-I असत्य है, और कथन-II सत्य है।
(b) दोनों कथन सत्य हैं।
(c) कथन-I सत्य है, और कथन-II असत्य है।
(d) दोनों कथन असत्य हैं।

**150. नीचे दिए गए पैटर्न का ध्यानपूर्वक अध्ययन करें और उस संख्या का चयन करें, जो इनमें से प्रश्नवाचक चिह्न (?) के स्थान पर आ सकती है।**




(a) 1040 (b) 256
(c) 8 (d) 4113

# SOLUTION : PRACTICE SET- 1

## ANSWER KEY

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. (b) | 16. (d) | 31.(d) | 46. (b) | 61.(d) | 76. (a) | 91. (d) | 106. (b) | 121. (b) | 136. (a) |
| 2. (b) | 17. (a) | 32. (a) | 47. (d) | 62. (d) | 77. (d) | 92. (c) | 107. (c) | 122. (d) | 137. (a) |
| 3. (b) | 18. (a) | 33.(d) | 48. (b) | 63. (d) | 78. (a) | 93. (c) | 108. (a) | 123. (b) | 138. (a) |
| 4. (d) | 19. (d) | 34. (a) | 49. (b) | 64. (a) | 79. (b) | 94. (b) | 109. (b) | 124. (c) | 139. (d) |
| 5. (a) | 20. (c) | 35. (c) | 50. (c) | 65. (c) | 80. (a) | 95. (d) | 110. (b) | 125. (a) | 140. (a) |
| 6. (c) | 21.(d) | 36.(c) | 51. (c) | 66. (a) | 81. (d) | 96. (d) | 111. (b) | 126. (c) | 141. (a) |
| 7. (c) | 22.(a) | 37.(b) | 52. (b) | 67. (c) | 82. (c) | 97. (a) | 112. (d) | 127. (a) | 142. (d) |
| 8. (b) | 23. (c) | 38. (a) | 53. (b) | 68. (c) | 83. (c) | 98. (c) | 113. (b) | 128. (a) | 143. (b) |
| 9. (a) | 24. (c) | 39. (a) | 54. (d) | 69. (d) | 84. (b) | 99. (a) | 114. (d) | 129. (b) | 144. (b) |
| 10. (d) | 25. (b) | 40. (c) | 55. (c) | 70. (b) | 85. (d) | 100. (b) | 115. (b) | 130. (c) | 145. (c) |
| 11. (c) | 26. (b) | 41.(c) | 56. (a) | 71. (a) | 86. (b) | 101. (b) | 116. (d) | 131. (c) | 146. (a) |
| 12. (b) | 27. (d) | 42. (d) | 57. (b) | 72.(b) | 87. (c) | 102. (a) | 117. (d) | 132. (b) | 147. (c) |
| 13. (d) | 28. (c) | 43.(d) | 58. (b) | 73. (a) | 88. (d) | 103. (c) | 118. (a) | 133. (d) | 148. (a) |
| 14. (d) | 29. (b) | 44.(c) | 59.(b) | 74. (c) | 89. (c) | 104. (d) | 119. (a) | 134. (d) | 149. (c) |
| 15. (d) | 30. (a) | 45.(d) | 60. (a) | 75. (c) | 90. (a) | 105. (d) | 120. (d) | 135. (b) | 150. (d) |

## SOLUTION

**1. (b)**

पाषाण काल उस अवधि को संदर्भित करता है जब पत्थर का उपयोग उपकरण बनाने के लिये किया जाता था। इस काल को तीन चरणों में विभाजित किया गया है–

पुरापाषाण काल (25 लाख ई.पू. से 10 हजार ई.पू.)

मध्यपाषाण काल (10 हजार ई.पू. से 6 हजार ई.पू.)

नवपाषाण काल (6 हजार ई.पू. से 1 हजार ई.पू.)

पाषाण युग में काटने के लिए सामान्यतया प्रयुक्त उपकरण को गँडासा कहा जाता था।

**2. (b)**

चन्द्रगुप्त प्रथम के बाद उसका पुत्र समुद्रगुप्त शासक था। उसके समय में गुप्त साम्राज्य का सबसे अधिक विस्तार हुआ। समुद्रगुप्त के सामरिक विजयों का विवरण हरिषेण के 'प्रयाग प्रशस्ति' में मिलता है। अपनी विजयों के उपरान्त समुद्रगुप्त ने अश्वमेध यज्ञ किया, जिसका परिचय उसके सिक्कों तथा उत्तराधिकारियों के अभिलेखों से प्राप्त होता है।

**3. (b)**

मोरक्को यात्री इब्नबतूता 14वीं शताब्दी में मध्य एशिया के मार्ग से होते हुए भारत पहुँचा था। वह 1333ई. में सिंध पहुँचा था। उस समय मुहम्मद बिन तुगलक (1325-1351ई.) दिल्ली का शासक था। सुल्तान उसकी विद्वता से प्रभावित होकर उसे दिल्ली का काजी (न्यायाधीश) नियुक्त कर दिया। वर्ष 1342 में सुल्तान ने इसे अपना दूत बनाकर चीन भेजा। इब्नबतूता ने रेहला पुस्तक लिखी है, जिसमें उसने भारत के सामाजिक राजनीतिक एवं आर्थिक परिस्थितियों के संबंध में वर्णन किया है।

**4. (d)**

सैंधव स्थल हड़प्पा, रहमान ढेरी, सरायखेला, और जलीलपुर आदि पाकिस्तान के पंजाब में स्थित है। कार्बन डेटिंग के द्वारा हड़प्पा सभ्यता का सर्वाधिक मान्य समय 2300 ई.पू. से 1700 ई.पू. तक माना जाता है। मोहनजोदड़ो, लोथल, कालीबंगा, धौलावीरा, बनावली आदि इसके प्रमुख स्थल हैं।

**5. (a)**

कनिष्क कुषाण वंश का शासक था, जिसे चीनी जनरल पान चाओ ने पराजित किया था। कनिष्क के शासनकाल के दौरान कश्मीर में चौथी बौद्ध परिषद् आयोजित की गई थी।

**6. (c)**

उज्जैन भारत के मध्य प्रदेश राज्य का एक प्रमुख शहर है, जो क्षिप्रा नदी के किनारे बसा है। यह राजा विक्रमादित्य के समय अवंती की राजधानी थी। महाकवि कालिदास उज्जयिनी के प्रसिद्ध सम्राट विक्रमादित्य के दरबार के नवरत्नों में से एक थे। इसलिए कालिदास ने उज्जयिनी का अत्यन्त सुन्दर वर्णन किया है।

**7. (c)**

भारत आने वाला प्रथम अंग्रेज जहाज 'रेड ड्रैगन' था। जहाज हेनरी मिडिलटन के देख रेख में ईस्ट इंडीज की यात्रा पर निकला था। हेक्टर एक अन्य अग्रेंजी जहाज था जो 1600 ईस्वी में भारत आया। इस जहाज का कप्तान विलियम हॉकिन्स था।

**8. (b)**

1632 ई0 में गोलकुण्डा के सुल्तान ने अंग्रेजों को एक 'सुनहरा फरमान' जारी किया जिसके मुताबिक 500 पैगोडा सलाना कर देने पर उन्हें गोलकुण्डा राज्य के बन्दरगाहों में स्वतंत्रतापूर्वक व्यापार करने की अनुमति मिल गयी।

**9. (a)**

''1857 का स्वतंत्रता संग्राम'' पुस्तक के लेखक कार्ल मार्क्स और एफ. एंगल्स है। 1857 का भारतीय विद्रोह जिसे प्रथम भारतीय स्वतंत्रता संग्राम, सिपाही विद्रोह और भारतीय विद्रोह के नाम से भी जाना जाता है। यह ब्रिटिश शासन के विरूद्ध एक सशस्त्र विद्रोह था। इस विद्रोह का आरम्भ छावनी क्षेत्रों में छोटे झड़पों तथा आगजनी से हुआ था, परन्तु जनवरी मास तक यह बड़ा रूप ले लिया। विद्रोह का अंत भारत में ईस्ट इंडिया कम्पनी के शासन की समाप्ति के साथ हुआ और पूरे भारत पर ब्रिटिश ताज का प्रत्यक्ष शासन आरम्भ हो गया।

**10. (d)**

कांग्रेस के कराची अधिवेशन 1931 में जिसकी अध्यक्षता सरदार वल्लभ भाई पटेल ने की थी। इसमें यह संकल्प पारित किया गया कि विधि के समक्ष जाति, वंश, या स्त्री पुरुष का लिहाज किए बिना

समानता होनी चाहिए। कलकत्ता अधिवेशन 1906 जिनकी अध्यक्षता दादाभाई नौरोजी ने की थी जिसमें पहली बार 'स्वराज' शब्द का प्रयोग किया गया।

लखनऊ अधिवेशन 1916 में जिसके अध्यक्ष अंबिका चरण मजूमदार थे। इसमें मुस्लिम लीग और कांग्रेस के बीच समझौता हुआ था। पं. जवाहर लाल नेहरु की अध्यक्षता में लाहौर अधिवेशन, 1929 में हुआ जिसमें पूर्ण स्वराज की मांग की गई।

**11. (c)**

लघु ज्वार प्रत्येक चन्द्रमास के शुक्ल पक्ष तथा कृष्ण पक्ष की सप्तमी-अष्टमी तिथि को उत्पन्न होने वाले ज्वार है, जो सामान्य ज्वार से कम ऊँचे होते है। यह अवस्था उस समय उत्पन्न होती है। जब चन्द्रमा, और सूर्य पृथ्वी के साथ समकोण बनाते है। इस कारण सूर्य और चन्द्रमा पृथ्वी के जल को भिन्न-भिन्न दिशाओं की ओर प्रभावित करते है, जिससे ज्वार की ऊँचाई कम रह जाती है। इसे लघु ज्वार कहते हैं।

**12. (b)**

पृथ्वी की पेरिडोटाइट परत मैन्टल की ऊपरी परत में पायी जाने वाली एक चट्टान है जो कि पृथ्वी की ऊपरी परत के दबाव के कारण ठोस जैसा व्यवहार करती है। लेकिन तापमान में वृद्धि एवं ऊपरी सतह के दबाव मुक्त होने के कारण यह पिघल कर मैग्मा का निर्माण करती है। पेरिडोटाइट एक घनी, आग्नेय शैल है जिसमें मुख्यतः आलीवीन तथा पाइराक्सीन खनिज होते हैं।

**13. (d)**

कोयला एक ठोस अवसादी चट्टान है, जो काली या गहरी भूरे रंग की होती है। इसे काला सोना भी कहा जाता हैं।

**14. (d)**

प्रतिविषुवतीय धाराओं की प्रवाह की दिशा पश्चिम से पूर्व होती है। ये विषुवत रेखीय धारा के विपरित प्रवाहित होती है।

**15. (d)**

विश्व की नदियों पर बने प्रमुख बाँध

| बाँध | | नदी |
|---|---|---|
| अस्वान बाँध | – | नील नदी |
| हूवर बाँध | – | कोलोराडो नदी |
| अकोसोम्बो बाँध | – | वोल्टा नदी |
| करीबा बाँध | – | जाम्बेजी नदी |
| ग्रैंड कुर्ली बाँध | – | कोलम्बिया नदी |
| थ्री गार्जेज बाँध | – | यांग्सी क्यांग नदी |

**16. (d)**

भारत के त्रिविवर्तनिक विभाजन के अंतर्गत मुख्यतः निम्नलिखित 3 क्षेत्र आते हैं।

(a) प्रायद्वीपीय क्षेत्र

(b) हिमालय व अन्य पर्वतीय श्रेणियाँ

(c) सिंधु-गंगा-ब्रह्मपुत्र मैदान।

**17. (a)**

'निम्मो बाजगो' पन बिजली परियोजना जम्मू–कश्मीर के लेह जिले के अलची गाँव में सिन्धु नदी पर स्थित एक 'रन–ऑफ द रिवर' पर आधारित विद्युत परियोजना है। यह परियोजना नेशनल हाइड्रोइलेक्ट्रिक पॉवर कॉर्पोरेशन (NHPC) द्वारा तैयार की गई है। इसका उद्घाटन 12 अगस्त, 2014 को प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी द्वारा किया गया।

**18. (a)**

कृषि उत्पादों की गुणवत्ता एगमार्क से बताई जाती है। एगमार्क (AGMARK- Agriculture Marketing) एक प्रमाण चिन्ह है जो भारत में कृषि/खाद्य पदार्थों पर लगाया जाता है। एगमार्क लगे उत्पाद निर्धारित मानकों पर खरे उतरते हैं। ये भारत सरकार के विपणन तथा निरीक्षण निदेशालय द्वारा अनुमोदित होते हैं।

**19. (d)**

महाराष्ट्र राज्य की कुल 6 राज्यों से सीमा लगती है, इसके पश्चिम में अरब सागर, उत्तर–पश्चिम में गुजरात उत्तर में मध्य प्रदेश, दक्षिण में कर्नाटक और पूर्व में छत्तीसगढ़ व तेलंगाना तथा दक्षिण–पश्चिम में गोवा राज्य स्थित हैं तथा इस राज्य की राजधानी मुंबई है।

**20. (c)**

झारखण्ड राज्य का गठन 15 नवम्बर 2000 ई. में बिहार राज्य से अलग करके किया गया था। इसीलिए 15 नवम्बर को झारखण्ड दिवस के रूप में मनाया जाता है। खनिज संसाधनों की दृष्टि से यह समृद्ध राज्य है।

**21.(d)**

कार्यपालिका में राष्ट्रपति, उपराष्ट्रपति, प्रधानमंत्री और मन्त्रिपरिषद शामिल होते हैं।

भारत का महान्यायवादी भी संघीय कार्यपालिका में शामिल होता है। यह संसद के दोनों सदनों की बैठक में भाग ले सकता है किन्तु इसे मतदान करने का अधिकार नहीं है।

भारत का नियन्त्रक एवं महालेखा परीक्षक संघीय कार्यपालिका का हिस्सा नहीं है।

**22.(a)**

भारतीय संविधान के अनुच्छेद 279A में वस्तु एवं सेवा कर (GST) का प्रावधान किया गया है। इस अनुच्छेद के अनुसार GST परिषद् के गठन का प्रावधान किया गया है। GST परिषद् एक संवैधानिक निकाय है। इसकी अध्यक्षता केन्द्रीय वित्त मंत्री करते हैं।

**23. (c)**

भारतीय संविधान के अनुच्छेद 30(1) में अल्पसंख्यकों को अपनी रुचि की शिक्षण संस्थान की स्थापना और प्रशासन करने का अधिकार है।

अनुच्छेद 29 (1) – अल्पसंख्यक नागरिकों के सामूहिक अधिकार की रक्षा करता है।

अनुच्छेद 29 (2) – अल्पसंख्यक नागरिकों के व्यक्तिगत सम्मान और अधिकार से संबंधित है।

अनुच्छेद 30 (2) – अल्पसंख्यक वर्गों के संस्कृति और शिक्षा संबंधी अधिकार को पुष्ट करता है।

**24. (c)**

पंचायतो से सम्बन्धित प्रमुख अनुच्छेद

अनुच्छेद 243- परिभाषाएँ

अनुच्छेद 243 (A) - ग्राम सभा

अनुच्छेद 243 (B) – पंचायतों का गठन (त्रिस्तरीय)

अनुच्छेद 243 (C) – पंचायतों की संरचना

अनुच्छेद 243 (D) – सीटों का आरक्षण

अनुच्छेद 243 (E) – पंचायतों का कार्यकाल

अनुच्छेद 243 (F) – सदस्यता की अयोग्यता